वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2012-13

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)
जोधपुर 342 003 भारत

CENTRAL ARID ZONE RESEARCH INSTITUTE
(Indian Council of Agricultural Research)
JODHPUR 342 003 INDIA

राजस्थान पत्रिका

सनसिटी

04.04.2012

गरीबों के जीवन में सुधार के लिए होंगे प्रशिक्षण

काजरी व एमपावर के बीच एमओयू

राजस्थान पत्रिका

जोधपुर . शनिवार

14.04.2012

सनसिटी

अब नए क्षेत्रों में ग्वार की फसल

पहली बार गर्मी में होगी ग्वार

महेंद्र त्रिवेदी @ जोधपुर

jodhpur@patrika.com

परम्परागत क्षेत्रों से हटकर अब ग्वार की फसल नए क्षेत्रों में भी होगी। इस नए प्रयोग को ...

तैयार की जा रही है। इससे पहले परम्परागत रूप से जुलाई के बाद ही ग्वार की फसल बोई जाती है, जो सर्दी के सीजन में पककर तैयार होती है।

अभिनव प्रयोग

काजरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी. ... ने इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू ... पहले उन्होंने काजरी परिसर ... के दिनों में इस पर प्रयोग ... बाद किसानों को इसके ... किया। गर्मी के मौसम में ... फसल को लेकर डॉ. ... किसानों को आश्वास्त ...

नुकसान नहीं होने का भरोसा दिलाया। इसके बाद किसान इस अभिनव प्रयोग का हिस्सा बनने को तैयार हुए।

किसानों को दोहरा फायदा

ग्वार की मांग बढ़ने के कारण किसानों को भी ग्वार की फसल रास आ रही है। वर्तमान में भारत से करीब 90 फीसदी ग्वार-गम का निर्यात होता है। इस बार ...

नए क्षेत्रों में ग्वार

राजस्थान के झालावाड़, बारां, भीलवाड़ा, नाचना सहित कई गैर-परम्परागत क्षेत्रों में पहली बार गर्मी के मौसम में ग्वार की फसल तैयार हो रही ...

तनाव में कमी लाने में सहायक प्रशिक्षण

नैनो रिपोर्टर, जोधपुर

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान जोधपुर में ... अनुसंधान प्रबन्धन अकादमी (नार्म) हैदराबाद की प्रशास... वित्त एवं तकनीकी कर्मचारियों की क्षमता में सुधार के ... आयोजित अल्पावधि प्रशिक्षण में तनाव कम करने एवं ... करने के तरीके बताए गए। इससे कर्मचा...

लेह में बनेगा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र

जोधपुर. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के निर्देश पर शीत मरुस्थल में कृषि शोध के लिए ...क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र का ...न्यास किया। काजरी ... लेह ...

दैनिक भास्कर — जोधपुर · शुक्रवार · 15 जून 2012

काजरी करेगी शीत रेगिस्तान में रिसर्च

...र। केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में गुरुवार को शीत शुष्क नेटवर्क से... बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए काजरी निदेशक डॉ. एमएम रॉय ने कहा ... काजरी द्वारा शीत रेगिस्तान में रिसर्च की जाएगी। यह सभी शोध कार्य बर्फीले ... संबंधित होंगे। इसके तहत सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा चरागा... के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार ने अतिथियों ... बात करते हुए कहा कि साझेदारी के कार्यों से शोध के अच्छे परिणाम साम... परियोजना समन्वयक एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जेसी तिवारी ने बताया कि ... सब प्लान के तहत काजरी द्वारा विभिन्न विभागों, विश्वविद्यालयों, संस्था... 2011-12 में शोध कार्यों के लिए करीब 50 लाख रुपयों का वित्तीय सहयो... वर्ष 2012-13 के लिए नेटवर्क में किए जाने वाले शोध कार्यों के लि... का वित्तीय सहयोग जारी किया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. ... ज्ञापित किया।

किसानों को संबोधित करते वक्ता।

किसान नई तकनीक अपनाएं : दाहमा

जोधपुर, 12 सितम्बर (जस)। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में किसान मेला एवं कृषि ...

राजस्थान पत्रिका

जोधपुर . शनिवार

03.11.2012

सनसिटी

काजरी में कार्यशाला

जोधपुर

jodhpur@patrika.com

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) में नाबार्ड के राजस्थान राज्य के जिला विकास प्रबन्धक के लिए शुष्क क्षेत्रों में सतत कृषि तकनीकों विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ... नाबार्ड के मुख्य ...

तकनीकों से अपडेट होते रहना जरूरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व काजरी निदेशक डॉ. एम एम रॉय ने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि नाबार्ड व काजरी मिलकर उन्नत तकनीकों का वित्तीय विश्लेषण कर बैंकेबल प्रोजेक्ट के रूप में पहचान करें। महाप्रबन्धक एसएस सिंह ... कहा कि कृषि तकनीकों ... वाणिज्यीकरण जरूरी है, ताकि ...

काजरी में हिंदी सप्ताह 14 से

...(कास)। काजरी में हिन्दी सप्ताह 14 से 22 सितम्बर तक ... उद्घाटन संभागीय आयुक्त आरके जैन द्वारा किया ... जरी निदेशक डॉ एमएम रॉय करेंगे। सहायक निदेशक रा... पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जा... रेश सिंदल, अनिल अनवर, प्रेम तन्मय, सत्यनारायण ... ल जोशी आदि अपना कविता पाठ करेंगे। ... प्रार्थना पत्र लेखन, हिंदी निबंध मेरी काजरी 2050 का ... हिंदी, शोध पत्र प्रदर्शन, वाद विवाद आदि प्रतियोगिताएं ... ने बताया कि इस अवसर पर राजभाषा संगोष्ठी आ... एडवोकेट रणजीत जोशी सूचना का अधिकार पर व्या... वैज्ञानिकों के सर्वश्रेष्ठ हिंदी में शोध पत्र को पुर...

काजरी व एमपॉवर परियोजना के मध्य समझौता

सौर ऊर्जा का हब बन रहा है जोधपुर

...में सौर ...र्जा संयंत्रों ...उपयोग ...ऊर्जा की ...न करें : ...माथुर

काजरी में उद्योग दिवस का आयोजन

जोधपुर, 3 मई। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, काजरी में गुरुवार को आईसीएआर उद्योग दिवस सौर ऊर्जा संयंत्र एवं कृषि उपकरण विषय पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एमएल माथुर ने लोगों को ऊर्जा की महत्ता व इसके उपयोग को समझने व संरक्षण देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि घर में सौर ऊर्जा संयंत्रों का उपयोग अधिक कर ऊर्जा की बचत करनी चाहिए और यह लाभ पूरे समाज को मिलना चाहिए। ऊर्जा देश के आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम है और जोधपुर सौर ऊर्जा का अब हब बनता जा रहा है। भारत में सौर ऊर्जा, बॉयो गैस आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है इनका सही तरीके से उपयोग बढ़ाना चाहिए, जिससे देश का विकास हो। उन्होंने नियंत्रित वातावरण वाले सोलर ग्रीन हाउस द्वारा किसानों के लिए नकदी फसलों के उत्पादन के लिए शोध कार्यों पर जोर दिया। स्कूल, कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में भी ऊर्जा विषय को शामिल करने, ग्राम पंचायत, जिला स्तर पर जागरूकता शिविर, प्रदर्शन, सीडी के माध्यम से लोगों को जानकारी देने तथा क्षेत्रीय भाषा में लोगों को उपयोग की जानकारी देने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष काजरी निदेशक डॉ. एमएम रॉय ने गांवों में सौर ऊर्जा संयंत्रों के कुटीर उद्योग लगाने की अपार संभावनाएं बताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर फल, सब्जी में मूल्य संवर्द्धन कर उपलब्ध तकनीकी का प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ सकते है। उद्योगी, व्यवसायी, स्वयंसेवी संस्थाएं आगे आए तो संस्थान सहयोग करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पीयूषचन्द्र पाण्डे ने बताया कि संस्थान ने सौर ऊर्जा के बहुपयोगी सौर संयंत्र बनाए है, आमजन इनका उपयोग करे। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. उदय बर्मन, डॉ. एनएम नाहर, डी मित्रा, डॉ. एकेसिंह व डॉ. पीसी पाण्डे ने सौर ऊर्जा संयंत्रों की जानकारी दी। इस अवसर पर सौर ऊर्जा संयंत्रों का जीवन्त प्रदर्शन व सौर ऊर्जा कुकर में खीर बनाई गई। कार्यक्रम में शिल्पकार, उद्योग व्यवसायी, छात्र, वैज्ञानिक सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। अंत में कार्यक्रम सचिव डॉ. पी सान्तरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

काजरी
वार्षिक प्रतिवेदन

CAZRI
Annual Report 2012-13



केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)
जोधपुर 342 003

Central Arid Zone Research Institute
(Indian Council of Agricultural Research)
Jodhpur 342 003

वार्षिक प्रतिवेदन 2012-13

प्रकाशक
निदेशक
केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर 342 003
दूरभाषः +91–291–2786584 (कार्यालय)
+91–291–2788484 (निवास)
फैक्सः +91–291–2788706
ई–मेलः director@cazri.res.in
वेबसाईटः http://www.cazri.res.in

सम्पादन समिति
एस.के. जिन्दल
शर्मिला रॉय
पी.सी. मोहराना
डी.वी. सिंह
अरविन्द के जुकान्ती
श्रीबल्लभ शर्मा (सदस्य सचिव)

हिन्दी अनुवाद एवं टंकण
मधुबाला चारण
रूपा राम चौहान

तकनीकी सहयोग
हरीश पुरोहित

छायाचित्र
विजेन्द्र जायलवाल एवं देवा राम

मुख पृष्ठ
मरू दहलन, छत के पानी का संचयन
सौर शुष्कक, उन्नत चारागाह में चरते पशु

पार्श्व पृष्ठ
वानस्पतिक उद्यान में थोर प्रजातियां

मुद्रक
एवरग्रीन प्रिन्टर्स, जोधपुर

ANNUAL REPORT 2012-13

Published by
Director
Central Arid Zone Research Institute
Jodhpur 342 003
Phone: +91-291-2786584 (O);
+91-291-2788484 (R)
Fax: +91-291-2788706
e-mail: director@cazri.res.in
Website: http://www.cazri.res.in

Editorial Committee
S.K. Jindal
Sharmila Roy
P.C. Moharana
D.V. Singh
Arvind K Jukanti
S.B. Sharma (Member Secretary)

Hindi Translation and Typing
Madhu Bala Charan
Rupa Ram Chouhan

Technical Support
Harish Purohit

Photography
Vijendra Jayalwal and Deva Ram

Front Cover
Arid legume, Rooftop water harvesting
Solar dryer, Cattle grazing in improved pasture

Back Cover
Cacti in Botanical Garden

Printed by
Evergreen Printers, Jodhpur

विषय-सूची
Contents

प्राक्कथन Preface	
कार्यकारी सारांश Executive Summary	1
संस्थान के बारे में About the Institute	13
वर्ष 2012 दौरान मौसम Weather during 2012	18
शोध उपलब्धियाँ Research Achievements	20
प्रसंग 1 : एकीकृत प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, निगरानी और मरूस्थलीकरण Theme 1 : Integrated Natural Resources Appraisal, Monitoring and Desertification	20
प्रसंग 2 : जैव विविधता संरक्षण और वार्षिक एवम् बहुवार्षिक पादप सुधार Theme 2 : Biodiversity Conservation and Improvement of Annuals and Perennials	36
प्रसंग 3 : एकीकृत शुष्क भूमि कृषि पद्धति अनुसंधान Theme 3 : Integrated Arid Land Farming Systems Research	48
प्रसंग 4 : एकीकृत भूमि एवम् जल संसाधन प्रबंधन Theme 4 : Integrated Land and Water Resources Management	58
प्रसंग 5 : पशु उत्पादन सुधार एवम् प्रबंधन Theme 5 : Improvement of Animal Production and Management	62
प्रसंग 6 : पादप और पशु उत्पाद एवम् मूल्य संवर्द्धन Theme 6 : Plant and Animal Products, and Value Addition	68
प्रसंग 7 : समन्वित नाशीजीव प्रबंधन Theme 7: Integrated Pest Management	71
प्रसंग 8 : गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत, कृषि यान्त्रिकी और शक्ति Theme 8 : Non-conventional Energy Sources, Farm Machinery and Power	74
प्रसंग 9 : सामाजिक–आर्थिक जाँच एवम् मूल्यांकन Theme 9 : Socio-economic Investigation and Evaluation	79
प्रसंग 10 : प्रौद्योगिकी आंकलन और हस्तांतरण Theme 10: Technology Assessment and Transfer	84
प्रसार गतिविधियाँ Outreach Extension Activities	90
अनुसंधान कार्यक्रम Research Programs	94
प्रकाशन Publications	98
सम्मेलन, कार्यशाला, संगोष्ठी / सेमीनार Participation in Conference, Workshop, Symposium/Seminar	104

संस्थान में आयोजित बैठकें Institute Meetings	108
महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन Important Days Celebrated	109
सम्पर्क एवम् सहयोग Linkages and Collaboration	111
मानव संसाधन विकास Human Resources Development	112
शिक्षण एवम् प्रशिक्षण Education and Training	115
पुरस्कार एवम् विदेश यात्रा Awards and Foreign Visits	117
आगंतुक Visitors	118
कार्मिक Personnel	120

प्राक्कथन
PREFACE

संस्थान की स्थापना सन् 1959 में देश के शुष्क क्षेत्रों में कार्य करने के अधिदेश के साथ हुई। तद्नुरूप यह संस्थान प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, पौध सुधार, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन, पौधों एवं पशु उत्पादों का मूल्य संवर्धन, अपारम्परिक ऊर्जा संसाधनों, एकीकृत कृषि पद्धति, तकनीक मूल्यांकन/हस्तान्तरण और सामाजिक–आर्थिक विषयों पर अनुसंधान की गतिविधियाँ निरन्तर संचालित करता रहा है।

इस वर्ष मानसून 20 दिन की देरी से राजस्थान पहुँचा। पश्चिमी राजस्थान में जुलाई में वर्षा कम हुई जबकि अधिकांश भागों में अगस्त व सितम्बर में सामान्य से अधिक वर्षा हुई। बाड़मेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और झुंझनू जिलों में सामान्य वर्षा हुई। बीकानेर, चुरू, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली और सीकर जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा (20%) हुई जबकि केवल जालोर जिले में सामान्य से 23.8 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई।

ठण्डे रेगिस्तान की समस्याओं के समाधान हेतु इस संस्थान का एक क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र सतकना, लेह (जम्मू–काश्मीर) में स्थापित किया गया। डॉ. एस. अय्यपन, महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की उपस्थिति में माननीय श्री रेजिन सेप्लर, सीईसी, एलएएचडीसी, लेह ने 18 अगस्त, 2012 को इस केन्द्र की नींव रखी।

गुजरात के बनासकांठा जिले की दीयोदार और भाभर तहसीलों के प्राकृतिक संसाधानों के मूल्यांकन का कार्य पूरा किया गया। इस क्षेत्र के दक्षिण–पूर्व में छोटे–छोटे सपाट उभार के साथ जलदरी क्षेत्र है। यहाँ पुराने कछारी मैदान (53.3%), नवीन कछारी मैदान (3.0%), बालुई ढ़लान वाले पुराने कछारी मैदान (30.5%), रेत के टीबे (13%) और नदी का भाग (0.2%) प्रमुख भू–प्रारूप पाए गए। भूमि का प्रमुख उपयोग कृषि में (90.40%) था तथा प्रमुखतः एक फसल पद्धति का प्रचलन दोनों तहसीलों में (दीयोदार 54.22%, भाभर 68.47%) पाया गया। सरसों, गेहूँ, मूंगफली और कपास प्रमुख सिंचित फसलें, जबकि अरण्डी और बाजरा प्रमुख बारानी फसलें थी। यहाँ का औसत भू–जल स्तर भू–सतह से 119 मी. नीचे और पानी की गहराई

The institute, established in 1959 and mandated to serve the arid regions of the country, continued to conduct research and development activities in the field of natural resource monitoring, biodiversity conservation, plant improvement, integrated pest management, livestock production and management, value addition to plant and animal products, non-conventional energy resources, integrated farming systems, technology assessment, refinement, transfer and important cross cutting socio-economic and gender issues across all major applicable areas.

This year monsoon was delayed by about 20 days. July rainfall was deficit in western Rajasthan, while above normal rainfall was received in most parts in August and September. The monsoon rainfall was normal in Barmer, Ganganagar, Hanumangarh and Jhunjhunu districts. Bikaner, Churu, Jaisalmer, Jodhpur, Nagaur, Pali and Sikar districts received excess rains (20% more than normal) while deficit rainfall (23.8% less than normal) was recorded in Jalore district only.

A Regional Research Station of the institute was established at Stakna, Leh (J&K) to address the problems of production systems of cold arid regions. The foundation stone of the station was laid on 18th August, 2012 by Shri Regin Spelbar, Honorable CEC, LAHDC, Leh in presence of Dr. S. Ayyappan Honorable DG, ICAR.

The assessment of natural resources in Diyodar and Bhabhar tehsils of Banaskantha District, Gujarat was completed. The terrain of the region was relatively flat with low undulations and network gullies in the south-east. Older alluvial plains (53.3%), younger alluvial plains (3.0%), sandy undulating older alluvial plains (30.5%), sand dunes (13%) and riverbed (0.2%) were identified as the major landform units. Agriculture was the major land use and cultivated lands covered more than 90 per cent area in both the tehsils. Mono cropping was the prevalent practice (Diyodar 54.22%, Bhabhar

60.0 मी. थी। कुओं से जल निकास 3 घन मी./दिन से 150 घन मी./दिन (औसत 125 घन मी./दिन) देखा गया। यहाँ के 48 प्रतिशत क्षेत्र में पानी का ईसी मान < 3.0 डीएस/मी. था जबकि करीब 18 प्रतिशत क्षेत्र में पानी कम से मध्यम क्षारीय (एसएआर < 18) था।

बाजरा के 16 प्रजनकों (सीजेडआई 2012/1 से सीजेडआई 2012/16), तीन नये प्रसंकर (आईसीएमए–8800एxसीजेडआई 2004/8, आईसीएमए– 92777x सीजेडआई 2004/7 और आईसीएमए– 98222x सीजेडआई 2004/7) और एक नई प्रजाति (सीजेडपी 2के–9) को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (बाजरा) के परीक्षणों में शामिल किया गया। दो ग्वार के जीनोटाइप (आईसी–421815 और आईसी–31428) को उच्च उपज हेतु चिन्हित किया गया। कच्छ गुजरात से ज्वार के सैंतालीस जीनोटाइप सूखा और लवणीयता सहनशीलता की पहचान के लिए एकत्रित किए गए। इस वर्ष विभिन्न फसलों का 4000 कि.ग्रा. से अधिक बीज उत्पादित किया गया।

भूमि बराबर अनुपात बेर आधारित कृषि–उद्यानिक पद्धति (1.16) और कृषि फसल पद्धति (1.13) की अपेक्षा खेजड़ी आधारित कृषि वानिकी पद्धति में अधिक (1.29) पाया गया। बोरेक्स (0.4%) + केओलिन (0.4%) के छिड़काव से अनार में फल तिड़ने की समस्या 53.4 प्रतिशत से घटकर 24.5 प्रतिशत रह गई। साथ ही उपज और गुणवत्ता यथा दाने निहितता, जूस और टीएसएस भी बढ़े।

पश्चिमी राजस्थान के छः जिलों (जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागौर और बीकानेर) में पशुओं की उर्वरकता और उत्पादकता पर सूखे के प्रभाव के अध्ययन से यह प्रकट हुआ कि शुष्क और बढ़ते पशुओं में कुपोषण के कारण पशु देरी से ब्याते हैं तथा ब्यांत का अन्तराल भी अधिक होता है। इस समस्या व कुपोषण को दूर करने हेतु काजरी के खाद्य और उपचार पैकेज के उत्साहजनक परिणाम लगभग 70 प्रतिशत पशुओं में प्राप्त हुए। नागौर जिले में जीविका सुधार हेतु पशु आधारित तकनीकों के प्रदर्शन से दूध और चारा उत्पादन में सुधार हुआ। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चारा बट्टिका बनाने की

68.47%). Mustard, wheat, groundnut and cotton were major irrigated crops, while castor and pearl millet were important rainfed crops. Groundwater level in the entire area was very deep with an average static water level of 119 m bgl and water depth of more than 60.0 m bgl. Average discharge from wells was 125 m^3 day^{-1} that varied from 3.0 to 150 m^3 day^{-1}. The EC value of groundwater was <3.0 dS m^{-1} in 48 per cent of the area and about 80 per cent area had SAR <18, indicating low to moderate level of sodicity.

Sixteen new pearl millet inbreds (CZI 2012/1 to CZI 2012/16), three new hybrids (ICMA 88004A x CZI 2004/8, ICMA 92777x CZI 2004/7 and ICMA 98222 x CZI 2004/7) and one new population (CZP 2K-9) were contributed to the AICRP on pearl millet. Two clusterbean genotypes (IC-421815 and IC-31428) were identified for high seed yield. Forty seven land races of sorghum were collected from Kachchh region of Gujarat to identify drought and salinity tolerant genotypes. More than 4000 kg truthfully labelled seed of various crops was produced.

Prosopis cineraria based agroforestry system with pearl millet + green gram utilized resources more efficiently resulting in higher land equivalent ratio (1.29) compared to *Ziziphus mauritiana* based agri-horti (1.16) and arable cropping (1.13) systems. Application of borax (0.4%) + kaoline (4%) reduced the problem of fruit cracking in pomegranate from 53.4 per cent in control to 24.5 per cent. Also the yield and quality parameters viz., aril content, juice and TSS were highest in this treatment.

Studies on impact of drought on fertility and production of livestock in six arid districts (Jodhpur, Barmer, Jaisalmer, Pali, Nagaur and Bikaner) revealed that malnutrition in dry and growing animals resulted in late first calving and longer calving intervals in cattle. Seventy percent of animals responded well to food and treatment package.

मशीन हरसोलाव गाँव की गौशाला में लगाई गई जिससे 1200 से अधिक खाद्य बट्टिका का निर्माण किया गया।

फोटोवोल्टायिक कक्ष का निर्माण 15.3 वर्ग मी. क्षेत्रफल में किया गया। भूमि की 120 से.मी. गहराई से पाइपों के जरिये हवा संचालित कर इस कक्ष के तापमान को 3–5° से. तक नियन्त्रित करने में सफलता मिली। इस कक्ष के अन्दर के तापमान को पीवी मिस्टर द्वारा 2.5–4.5° से. कम किया जा सका।

पाली जिले में भू–जल के गिरते स्तर का कृषि एवं आजीविका पर प्रभाव जानने के लिए सर्वेक्षण किया गया। सर्वे में यह प्रकट हुआ कि सिंचित फसल यथा मिर्ची, कपास, गेहूँ का क्षेत्र कम हुआ है। किसान बहुवर्षीय फसल (12%), अतिरिक्त फसल पद्धति (44%), कम पानी वाली फसलों (72%), फव्वारा सिंचाई पद्धति (15%) और पशु प्रबन्धन (76%) अपना कर इस स्थिति का सामना कर रहे हैं।

संस्थान के कृषि तकनीक सूचना केन्द्र द्वारा 162 किसानों को कृषि सलाह सेवा प्रदान की गई और मृदा (93) और जल (42) नमूनों का विश्लेषण किया गया। इसके अलावा केन्द्र ने 37388 उद्यानिकी, वानिकी, औषधीय और सजावटी पौधे, 2965 कि.ग्रा. खरीफ की फसलों की उन्नत किस्मों का बीज एवं 307 कि.ग्रा. रबी की फसलों का बीज बेचा। चौदह राज्यों के 12791 आगन्तुकों ने संस्थान का भ्रमण किया व इसकी अनुसंधान गतिविधियों को प्रक्षेत्र/प्रयोगशालाओं में देखा।

आदिवासी उप–कार्यक्रम (टीएसपी) के अन्तर्गत 5 राज्यों के 11 जिलों के 2972 आदिवासियों को मृदा, जल, फसल व पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने हेतु सहयोग प्रदान किया गया। वर्ष में 220 प्रशिक्षण कार्यक्रम (संस्थान परिसर एवं गाँवों में) किए गए, जिसमें 5927 किसानों/कृषक महिलाओं एवं राज्य के कृषि/प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया। इस वर्ष 20 प्रदर्शनियाँ एवं एक किसान मेला व तकनीक ज्ञान दिवस (2000 किसानों की भागीदारी) तथा एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (150 राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागी) का संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 13 लघुपाठ्यक्रम, 8

Livestock centric interventions for livelihood improvement in Nagaur district helped in increasing milk and fodder production. A feed-block making machine was established in a goushala at Harsolav village in Nagaur district and it was used to produce over 1200 fodder-blocks.

A photovoltaic clad structure with a ground area of 15.3 m^2 was constructed. Heat exchange pipes, embedded at 120 cm depth, were able to regulate inside temperature by 3-5°C compared to ambient temperature. The temperature could be reduced by 2.5-4.5°C below ambient temperature with a PV mister.

Impact study of depleting ground water on agriculture and livelihood in Pali district revealed a change in cropping pattern. Area under irrigated crops like chilli, cotton and wheat had decreased and farmers were coping by shifting to perennial crops (12%), alternate cropping systems (44%) and less water requiring crops (72%) as well as by adopting sprinkler irrigation system (15%) and readjusting livestock units (76%).

Agricultural Technology Information Centre (ATIC) of the institute provided farm information advisory services to 162 farmers and provided soil (93) and water (42) sample analysis to stakeholders. ATIC sold 37388 horticultural, forestry, medicinal and ornamental plant saplings, 2965 kg seed of improved varieties of *kharif* and 307 kg seed of *rabi* crops. Total 12791 visitors from 14 states came to the institute and were shown the technologies at the research farm/laboratories.

Under Tribal Sub Plan (TSP), 2972 tribal people, from 11 districts of five states, were provided technical and physical support to enhance soil, water, crop and animal productivity. During the year, 220 on and off-campus training programs were organized involving 5927 farmers/farm-women and agriculture/extension officers of state governments.

प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यशाला और 6 लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों हेतु आयोजित किये गये।

मैं संस्थान के सभी वैज्ञानिकों को योगदान के लिए धन्यवाद देता हूँ तथा इस रिपोर्ट को प्रकाशित करने हेतु लगन एवं निष्ठा पूर्वक प्रयास करने हेतु संपादकीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि यह प्रकाशन शोध कर्ताओं, प्रसार कर्ताओं, किसानों एवं अन्य उपभाक्ताओं, जो शुष्क क्षेत्र के सतत् विकास में संलग्न हैं, के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। हम आने वाले समय में किसानों के साथ उनकी आवश्यकताओं एवं आशाओं की पूर्ति हेतु सम्पर्क एवं सहयोग और अधिक बढ़ाएंगे।

मुरारी मोहन रॉय
निदेशक

This year 20 exhibitions and one farmers' fair cum innovation day (over 2000 farmers participated) and a National Symposium (150 participants, including international) were successfully organized. Under HRD programs, 13 sponsored short courses, 8 sponsored training cum workshops and 6 short term batch trainings were organized for improving efficiency of technical and administrative personnel.

I thank all the scientists of the institute whose contribution is reflected in this report and also the chairman and members of the editorial committee for their sincere efforts in production of this report.

I hope that this compilation will provide useful information to researchers, extension agencies, farmers and other stakeholders involved in sustainable development of the arid regions. We look forward to have greater interaction with the stakeholders to meet their expectations.

M.M. Roy
Director

कार्यकारी सारांश
EXECUTIVE SUMMARY

एकीकृत प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, प्रबोधन और रेगिस्तानीकरण

बनासकांठा जिले की दीयोदार तहसील के 59305 हे. और भाभर तहसील के 42925 हे. क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का मूल्यांकन किया गया। तल रूपानुसार क्षेत्र में समतल मैदानी भाग के साथ कुछ रेतीले ढ़लान वाले क्षेत्र तथा रेतीली से दुमट मृदा पाई गई जो मुख्यतः भुमी क्षमता वर्ग III सी में आती हैं। जलोढ़ मैदानी भाग में *अकेसिया निलोटिका, प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा, केसिया इटालिका* और *क्लेट्रोपिस प्रोसिरा* चारागाह भूमि में तथा *सलवाडोरा ओलिओडिस* रेतीले उबड़–खाबड़ क्षेत्र में प्रमुखता से पाये गये। भूमि का प्रयोग मुख्यतः कृषि के लिए है तथा दो फसल (दीयोदार 36.33% और भाभर 21.96%) की तुलना में एक फसल (दीयोदार 54.22% एवं भाभर 68.47%) प्रमुखतः ली जाती है। सरसों, गेहूँ, मूंगफली और कपास प्रमुख सिंचित फसलें जबकि अरण्डी और बाजरा वर्षा आधारित फसलें हैं। दोनों तहसील के उत्तरी भाग (92 वर्ग कि.मी.) में माध्य से उच्च कटाव संकट तथा दक्षिणी–पूर्वी भाग (260 वर्ग कि.मी.) में माध्य कटाव पाया गया। पूरे क्षेत्र में भू–जल स्तर बहुत गहरा था तथा औसत स्थेतिक जल स्तर 119 मी. भू–सतह से नीचे और जल गहराई 60.0 मी. से अधिक थी। पिछले पाँच वर्षो में भू–जल ह्रास दर 15.24 मी./वर्ष तक (औसत 4.67 मी./वर्ष) देखी गई। सर्वेक्षित क्षेत्र के 48 प्रतिशत क्षेत्र में भू–जल की ईसी < 3.0 डीएस प्रति मी. पाई गई। भू–जल को मध्यम लवणीयता, मध्यम सोडियम और कम क्षारीय रूप में वर्गीकृत किया गया। विभिन्न क्षमता के 282 जल संग्रहक टैंक (16.793 एमसीएम जल संग्रहण क्षमता) पाये गये।

जीआईएस आधारित डिजीटल भू–डाटाबेस और फील्ड–डाटाबेस बाड़मेर (4238.55 वर्ग कि.मी.), बीकानेर (8212.27 वर्ग कि.मी.) जैसलमेर (25607.04 वर्ग कि.मी.) और जोधपुर (3807.74 वर्ग कि.मी.) जिलों के बनाये गये। गेहूँ की उपज का पूर्वानुमान जोधपुर (2493 कि.ग्रा./हे.), बाड़मेर (2161 कि.ग्रा./हे.), पाली (2155 कि.ग्रा./हे.) और चुरू (1679 कि.ग्रा./हे.) जिलों के लिए लगाया गया। मौसम परिवर्तनशीलता का गेहूँ की उपज पर 21 प्रतिशत (बीकानेर) से 90 प्रतिशत (बाड़मेर) तक प्रभाव रहा। उच्च तापमान का नकारात्मक प्रभाव गेहूँ की उपज पर देखा गया, जबकि वर्षा का

Integrated Natural Resources Appraisal, Monitoring and Desertification

Natural resource assessment was carried out in 59305 ha area of Diyodar and 42925 ha area of Bhabhar tehsils of arid Banaskantha district. The region has flat plain topography with few sandy undulations, fine sand to loamy soils mostly belonging to land capability class IIIc. Alluvial plains had dominance of *Acacia nilotica*, *Prosopis juliflora*, *Cassia italica* and *Calotropis procera* in grazing lands while *Salvadora oleoides* pre-dominated sandy hummocky plains. Agriculture was the major land use and mono-cropping (Diyodar 54.22% and Bhabhar 68.47%) was more prevalent than double cropping (Diyodar 36.33% and Bhabhar 21.96%). Mustard, wheat, groundnut and cotton were the major irrigated crops, while castor and pearl millet were important rain fed crops. Northern most part (92 km^2) of the two tehsils had moderate to high erosion hazard, while south-eastern part (260 km^2) was subject to moderate erosion. The groundwater level was very deep with an average static water level of 119 m bgl and water depth of more than 60.0 m bgl. The rate of depletion of groundwater was as high as 15.24 m y^{-1} with an average of 4.67 m y^{-1} during last five years. EC of groundwater was <3.0 dS m^{-1} in 48 per cent of the area. Groundwater had medium salinity, medium sodium and low alkalinity. There were 282 water storage tanks with 16.793 mcm water storage capacity.

GIS based digital geo-database and field database were created for parts of Barmer (4238.55 km^2), Bikaner (8212.27 km^2), Jaisalmer (25607.04 km^2) and Jodhpur (3807.74 km^2) districts. The forecast yield of wheat was 2493 kg ha^{-1} for Jodhpur, 2161 kg ha^{-1} for Barmer, 2155 kg ha^{-1} for Pali and 1679 kg ha^{-1} for Churu district. Weather variability explained variation in wheat yield from 21 (Bikaner) to 90 per cent (Barmer) in arid Rajasthan. The crop yield had negative relationship with high temperatures during crop growth; rainfall showed positive effect on wheat yield in Ganganagar, Jodhpur and Pali districts.

सकारात्मक प्रभाव गंगानगर, जोधपुर और पाली जिलों में देखा गया।

लेज्यूरस सिंडीकस, पेनिकम एंटीडोटेल और *सैंक्रस सिलिएरिस* की प्रकाशसंश्लेषण दर 3.8 से 4.0 माइक्रोमोल कार्बनडाईऑक्साइड/वर्ग मी./से. विभिन्न जीवर्तु अवस्थाओं में रही। *एल. सिंडीकस* की जल उपयोग दक्षता सुबह के समय और दोपहर बाद सर्वाधिक रही जबकि *पी. एन्टीडोटेल* और *सी. सीलिरिस* में यह सुबह के समय ही सर्वाधिक रही।

जोधपुर जिले के बुझावर गाँव में कृषि भूमि में वायु कटाव के कारण सतह से 0.25 मी. ऊँचाई पर मृदा कण 0.14 कि.ग्रा./वर्ग मी/दिन मई–जून, 2012 में दर्ज हुए जबकि पड़त भूमि में ये नगण्य थे। बुझावर गाँव के जल ग्रहण क्षेत्र के अधिकांश भागों में जल कटाव से संभावित मृदा क्षरण < 12 टन/हे./वर्ष और बडी अवनालिकाओं में > 100 टन/हे./वर्ष था। ब्रह्मसर गाँव की खड़ीन के ऊपरी और मध्य भाग में बलूई दुमट मृदा और नीचे के जलदरी क्षेत्र में चिकनी मिट्टी थी। जैसलमेर जिले में जल दोहन के कारण जल स्तर 1995 के 42.64 मी. से 2009 में 45.85 मी. हो गया। जैसलमेर जिले में प्रमुख फसलों की सिंचाई हेतु ऊर्जा खपत अनुमान 277X10^6 मेगा ज्यूल था। ब्रह्मसर खडीन में रबी की ऋतु में मृदा में नमी स्तर बनाएं रखने हेतु सतह के नीचे के जल बहाव की प्रक्रिया को, बहाव से इक्कट्ठे जल से सिंचाई की सामान्य प्रक्रिया के अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी पाया गया। जलवायु विचलन का फसलों की उपज पर प्रभाव हेतु 1990 से 2006 के उपज के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि वर्षा दिनों की संख्या से बाजरा की उपज सर्वाधिक और सकारात्मक रूप से प्रभावित रही। वर्षा की मात्रा का अधिक वर्षा क्षैत्रों में उपज के साथ नकारात्मक सम्बन्ध रहा।

जालोर जिले की भीनमाल, रानीवाड़ा और बागरा तहसील के मृदा नमूनों में उपलब्ध सल्फर विभिन्नता 0.76 से 33.49 पीपीएम व औसत 6.74 पीपीएम था। दलहन आधारित फसल पद्धति में सर्वाधिक उपलब्ध मृदा सल्फर पाया गया। सूक्ष्म आर्थोपोड आधारित मृदा गुणवत्ता सूचकांक खुले झाड़ी वाले क्षेत्र और खाद्य आधारित प्रणाली में दलहन और तिलहन आधारित पद्धति से कम रहा। जालोर जिले के पूर्वी भाग के करीब एक तिहाई भू–जल नमूनों का जल माध्य लवणीय या सिंचाई हेतु असुरक्षित था। चारणवाला के निकट इन्दिरा गाँधी

Photosynthesis rate *of L. sindicus*, *P. antidotale* and *C. ciliaris* varied from 3.8 to 40 µmole $CO_2 m^{-2} s^{-1}$ at different phenological stages. The water use efficiency (WUE) of *L. sindicus* was highest in the morning and late afternoon, whereas for *P. antidotale* and *C. ciliaris*, it was highest only in the morning.

Wind eroded mass flux at 0.25 m height from surface was 0.14 kg m^{-2} day^{-1} in cultivated land during May-June, 2012 whereas in fallow condition, it was negligible at Bhujawar village in Jodhpur district. Potential soil loss due to water erosion was <12 t ha^{-1} y^{-1} in most parts of the Bhujawar watershed and >100 t ha^{-1} y^{-1} from large gullies. Soil texture of a *khadin* at Bharamsar village was sandy loam in upper and middle reaches and clay/sandy clay in lower reaches. In the Bharamsar *khadin,* subsurface flow was found to be the main hydrological process for maintaining soil moisture regime during *rabi* season rather than the general perception of using accumulated runoff water. Groundwater table in Jaisalmer district had depleted from 42.64 m in 1995 to 45.85 m in 2009 with annual rate of depletion of 0.2 m y^{-1}. Energy consumption estimate for irrigation of major crops in Jaisalmer district was 277 10^6 MJ y^{-1}. Analysis of yield data from 1990 to 2006 showed that pearl millet yields were highly and positively influenced by wet day frequency. Sensitivity coefficients of rainfall were negative for the districts that receive high rainfall.

In Bhinmal, Raniwara and Bagora tehsils of Jalore district, available sulphur in soil samples varied from 0.76 to 33.49 ppm with an average of 6.74 ppm. Soils under pulse based cropping systems had maximum available soil sulphur. At the same time, micro-arthropod based soil quality index (SBQ_{ar}) was lower in open scrub areas and cereal based systems than in pulse and oilseed based systems. Almost one third of the groundwater samples from eastern Jalore district were moderately saline/ moderately unsafe for irrigation purposes. In IGNP-II command area near Charanwala, soil organic carbon of canal irrigated

नहर क्षेत्र–2 में मृदा जैविक कार्बन वर्षा आधारित फसल भूमि (0.052%), खुली झाड़ी (0.070%) और टीबा मिट्टी (0.03%) की अपेक्षा नहर से सिंचित मृदा में (0.102%) उच्च था। मृदा जैविक गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि चना आधारित फसल पद्धति में सर्वाधिक जैविक गतिविधियाँ रही तत्पश्चात् मूंगफली आधारित फसल पद्धति में थी। चाँदन, जैसलमेर में *लेज्यूरस सिंडीकस* आधारित घास भूमि में मृदा जैव विविधता आठ प्रबंधकीय स्थितियों में अध्यनित की गई। नियंत्रित चराई के अन्तर्गत घास भूमि में मृदा में मेसोफोना गतिविधियाँ, जैविक कार्बन, एन्जाइम (फलोरोसेन्ट डाइसीटेट और डीहाइड्रोजीनेज) ओर प्ररोह घनता उच्च रही। करीब 10 कम्बोला, 67 मकड़ी और 30 अन्य आर्थोपोड प्रजातियां *एल. सिंडिकस* के साथ देखे गये।

जैवविविधता संरक्षण, वार्षिक एवं बहुवार्षिक पादप सुधार

सी. सिलियरिस के आईएमटीसीसी–10–7, आईएमटीसीसी–10–4 और आईएमटीसीसी–10–5 जीनोटाइप का बहु–स्थानिक परीक्षण में निष्पादन अच्छा पाया गया। कटाई के परीक्षणों में बिना किसी कटाई के धामण की सर्वाधित शुद्ध बीज उपज (80 कि.ग्रा./हे.) और सूखा चारा उपज (5155 कि.ग्रा./हे.) प्राप्त की गई। वीटीसीएस–2 और वीटीसीएस–5, *सी. सेटीजेरस* जीनोटाइप का समन्वित परीक्षणों में सर्वाधिक अच्छा निष्पादन पाया गया।

बाजरा के 16 नये इनब्रेड (सीजेडआई–2012/1 से सीजेडआई–2012/16) को चिन्हित किया गया। चार संकर परीक्षण प्रयोगों में 96666एxसीजेडआई–2005/21, 01222एx सीजेडआई–2000/12 और सीजेडएमएस–001एx सीजेडआई–2010/5 सर्वाधिक अच्छे संकर निष्पादक रहे। तीन नये संकर (आईसीएमए 88004एxसीजेडआई–2004/8, आईसीएमए 92777xसीजेडआई–2004/7 और आईसीएमए 98222xसीजेडआई–2004/7) और एक नई किस्म (सीजेडपी–2 के–9) को अखिल भारतीय समन्वित परियोजना परीक्षणों में भेजा गया।

ग्वार के दो जीनोटाइप आईसी–421815 और आईसी–31428 से प्रति पौधा बीज की उपज क्रमशः 36.5 और

soils was higher (0.102%) than the rainfed agricultural land (0.052%), open scrub (0.070%) and dune soils (0.03%). Soil biological quality (SBQ_{ar}) index showed that gram based cropping system supported highest biological activity followed by groundnut based cropping system. Soil biodiversity in *Lasiurus sindicus* based grasslands under eight different managements at Chandan, Jaisalmer were studied. Soil mesofauna activities, organic carbon, enzymes (florescent diacetate and dehydrogenase) and tussock density were higher where these grasslands were put under regulated grazing. About 10 collembola, 67 mites and 30 other micro arthropods were found associated with *L. sindicus*.

Biodiversity Conservation, Improvement of Annuals and Perennials

C. ciliaris genotypes IMTCC-10-7, IMTCC-10-4 and IMTCC-10-5 performed better in multi-location trials. In a cutting experiment, it was found that no cutting treatment yielded highest pure seed (80 kg ha^{-1}) and dry matter (5155 kg ha^{-1}) of *C. ciliaris*. The VTCS 2 and VTCS 5 were the best performing *C. setigerus* cultivars in the coordinated trials.

Sixteen new pearl millet inbreds were identified (CZI 2012/1 to CZI 2012/16). Four hybrid trials were conducted and 96666A x CZI 2005/21, 01222A x CZI 2000/12 and CZMS 001A x CZI 2010/5 were the best performing hybrids. Three new hybrids (ICMA 88004A x CZI 2004/8, ICMA 92777 x CZI 2004/7 and ICMA 98222 x CZI 2004/7) and one new population (CZP2K-9) was contributed to the AICRP trials.

Two clusterbean genotypes, IC-421815 and IC-31428, yielded 36.5 and 36.2 g seed per plant respectively, while IC-373438 registered highest number of pods (154). Grain yield (1520.5 kg ha^{-1} in summer; ~500 kg ha^{-1} in rainy season), gum content and viscosity were higher in summer clusterbean crop. The yield and harvest index of HGS-563, HGS-365 and HGS 2-20 were higher under late sown conditions. KM 12-65, KM 12-25, KM 12-32, KM 12-38 and KM 12-39 were top five high yielding green

36.2 ग्राम और आईसी–373438 से सर्वाधिक संख्या में फली (154) प्राप्त की गई। गर्मी की ग्वार की फसल में ग्वार की उपज (1520.5 कि.ग्रा./हे.), गम निहितता और आलगत्व मान (विस्कोसिटि) अधिक पाये गये। एचजीएस–563, एचजीएस–365 और एचजीएस–2–20 में देरी की बुवाई की स्थितियों में उच्च उपज एवं उच्च कटाई सूचकांक पाया गया। मूंग की केएम–12–65, केएम–12–25, केएम–12–32, केएम–12–38 और केएम–12–39 पाँच सर्वाधिक उपज वाली प्रविष्टियाँ पाई गई एवं इनकी परिपक्वता अवधि 54–55 दिन रही। तरबूज के एफ–2 के तीन अपरनिषेचन (क्रासेज) (डीआरबी–653xईसी–677168, एसकेएनके–679xईसी–677165 और एसपीएस–5xईसी–677165) में बीज उपज में उत्क्रामी पृथककरण हुआ। एमजीपीके–10–2 से सर्वाधिक बीज उपज (5100 कि.ग्रा./हे.) समन्वित किस्म परीक्षण के अन्तर्गत हुई।

केर के जीवद्रव्य, सीजेडजेके –51, 59 और 61 की सर्वाधिक (80%) जीवितता दर रही। पौधों की जीवितता दर पोली बैग (<50%) की अपेक्षा उथले पाइप में (>90%) अधिक रही। मांगलियावास स्थात्र के गूगल में सर्वाधिक पौध ऊँचाई (224 से.मी.), प्ररोह व्यास (92.4 मि.मी.) और प्राथमिक शाखा का व्यास (51.4 मि.मी.) पाया गया। *एस. सहेली* (पीसी–6) उपचार से कुमट ने सर्वाधिक अंकुरण (85.5%) दिखाया।

दस आरएपीडी प्राइमर के द्वारा 101 मार्कर बनाये गये जिनसे बेर की 22 किस्मों को 85.15 प्रतिशत विभिन्नता के साथ चार समूहों में वर्गीकृत किया गया। जीरा और सौंफ में आरएपीडी प्राइमर के द्वारा क्रमशः 23.17 और 56.52 प्रतिशत विभिन्नता पायी गयी। अनुपचारित बीजों की तुलना में जीरा में बीज की प्राइमिंग से अंकुरण बढ़ा तथा उपज में 21.4 प्रतिशत वृद्धि हुई।

बोरेक्स (0.4%) + केओलाइन (4%) के छिडकाव से अनार में फल तिड़ने की घटना 53.4 प्रतिशत (नियन्त्रण) से घटकर 24.5 प्रतिशत रह गई जबकि अनार की उपज और गुणवत्ता यथा एरिल निहितता, जूस और टीएसएस मान भी इस उपचार के अन्तर्गत अधिक पाये गये।

gram entries, maturing in 54-55 days. Three F2 crosses (DRB-653 x EC-677168, SKNK-679 x EC 677165 and SPS-5 x EC-677165) of watermelon produced transgressive segregants for seed yield. MGPK-10-2 produced highest seed yield (5100 kg ha^{-1}) under co-ordinated varietal trial.

The survival rate of *kair* accessions CZJK-51, -59 and -61 was best (80%). Preliminary findings showed high seedling survival (>90%) in hollow pipes as compared to poly bags (<50%). Mangliavas provenance of *guggal* recorded the highest plant height (224 cm), shoot diameter (92.4 mm) and primary branch diameter (51.4 mm). *A. senegal* showed maximum germination (85.5%) when treated with *S. saheli* (PC-6) culture.

Ten RAPD primers generated 101 markers and detected intra-specific variation in 22 *Ziziphus* varieties amounting to 85.15 per cent polymorphism in banding patterns delineating them into four main clusters. Multilocus genotyping by RAPD primers detected intraspecific variations amounting to 56.52 and 23.17 per cent polymorphism in banding patterns in fennel and cumin, respectively. Seed priming of cumin resulted in higher seedling emergence and seed yield (21.4%) compared to control.

The extent of fruit cracking in pomegranate reduced significantly from 53.4 (control) to 24.5 per cent with the application of borax (0.4%) + kaoline (4%) and the marketable yield and quality parameters like aril content, juice and TSS were highest with this treatment.

Under ICAR Mega Seed Project, a total of 4413 kg TFL seed was produced in *kharif* 2012 along with 404 kg breeder seed and 12.4 kg nucleus seed of moth bean (CAZRI Moth-2) and 1.5 kg nucleus seed of *C. ciliaris* (CAZRI-75). Seed of pearl millet genotype CZI 923, CZP 2K-3, CZP 2K-9 and CZP 9603 was also multiplied.

Integrated Arid Land Farming System Research

Pearl millet and green gram gave better yields with *Prosopis cineraria* compared to *Z.*

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की मेगा बीज परियोजना के अन्तर्गत खरीफ–2012 में 4413 कि.ग्रा. टीएफएल बीज के साथ साथ 404 कि.ग्रा. अभिजनक बीज और 12.4 कि.ग्रा. न्यष्टि बीज मोठ (काजरी मोठ–2) और 1.5 कि.ग्रा. न्यष्टि बीज *सी. सीलियरिस* (काजरी–75) का प्राप्त किया गया। बाजरा की सीजेडआई–923, सीजेडपी–2के–3, सीजेडपी–2के–9 और सीजेडपी–9603 किस्मों के बीज का गुणन किया गया।

एकीकृत शुष्क भूमि–कृषि पद्धति अनुसंधान

बेर और कृषीय फसल की तुलना में बाजरा और मूंग को खेजड़ी के साथ लगाने से अधिक उपज प्राप्त हुई। बाजरा+मूंग का भूमि बराबर अनुपात (एलईआर) खेजड़ी आधारित कृषि–वानिकी पद्धति में सर्वाधिक (1.29), तत्पश्चात् बेर आधारित कृषि–वानिकी पद्धति में (1.16) और कृषीय फसल पद्धति में (1.13) रहा। पूर्ण विकसित खेजड़ी के पेड़ से 2–10 मी. व्यास की दूरी पर बाजरा की उपज अधिक रही जबकि *हार्डबीकिया बीनाटा* से 8 मी. दूरी और बेर से 3 मी. दूरी तक फसल पर नकारात्मक प्रभाव देखा गया। सेंवड की सर्वाधिक उपज मोपेन (2170 कि.ग्रा./हे.), तत्पश्चात् *एलेन्थस एक्सलेसा* (1995 कि.ग्रा./हे.) और *एच. बीनाटा* (1806 कि.ग्रा./हे.) के नीचे प्राप्त की गई।

पाली में मेंहदी की एकल फसल की उपज सूखी पत्ती भार आधार पर 1038.7 कि.ग्रा./हे. प्राप्त हुई जबकि पट्टी में बुवाई से 440.1 कि.ग्रा./हे. रही। विभिन्न पंक्ति अनुपात में जब मेंहदी को ग्वार के साथ अन्तःफसल के रूप में लगाया गया तो मेंहदी की सूखी पत्ती भार आधारित उपज 281.7 से 396.1 कि.ग्रा./हे. हुई। बीकानेर में मोठ की अन्तःफसल लेने से नींबू की उपज में नियन्त्रण व ग्वार की अन्तःफसल बुवाई से क्रमशः 123 और 46.6 प्रतिशत वृद्धि हुई। अन्य प्रयोग में नींबू की उपज सर्वाधिक (3179.2 कि.ग्रा./हे.) हुई जब इस के साथ मूंग–रायड़ा लगाया गया। मूंग (526.7 कि.ग्रा./हे.) और ग्वार की (863.5 कि.ग्रा./हे.) की सर्वाधिक उपज नींबू के साथ लगाने पर प्राप्त की गई।

बाजरा के साथ आवर्तन में ग्वार लगाने से इसकी अनाज (306.7 कि.ग्रा./हे.) और चारा (707.5 कि.ग्रा./हे.) की उपज सिर्फ बाजरा की 20 वर्ष लगातार खेती की (106 और

mauritiana and arable cropping. Land equivalent ratio (LER) for pearl millet + green gram was higher under *P. cineraria* based agroforestry system (1.29) followed by *Ziziphus* based agri-horti system (1.16) and arable cropping (1.13). Pearl millet yields were higher at 2-10 m radial distance from the bole of fully developed *P. cineraria* trees, while negative effect was recorded with *Hardwickia binnata* up to 8 m distance and with *Ziziphus* up to 3 m distance. The maximum fodder yield of *Cenchrus ciliaris* was received with *Colophospermum mopane* (2170 kg ha^{-1}) followed by *Ailanthus excelsa* (1995 kg ha^{-1}) and *H. binnata* (1806 kg ha^{-1}).

The highest henna dry leaf yield of 1038.7 kg ha^{-1} was recorded under sole henna treatment followed by henna strip cropping (440.1 kg ha^{-1}) at Pali. Its dry leaf yield was 281.7 to 396.1 kg ha^{-1} when clusterbean was taken as intercrop in different row ratios. Intercropping with moth bean increased citrus yield by 123 and 46.6 per cent over control and citrus cluster bean intercropping, respectively at Bikaner. In another experiment, fruit yield of citrus was highest (3179.2 kg ha^{-1}) when intercropped with green gram-mustard. Maximum seed yields of green gram (526.7 kg ha^{-1}) and clusterbean (863.5 kg ha^{-1}) were recorded when intercropped with citrus.

Rotation of pearl millet with clusterbean significantly increased its grain (306.7 kg ha^{-1}) and stover (707.5 kg ha^{-1}) yields compared to continuous pearl millet cultivation (106 and 326.0 kg ha^{-1}, respectively) in 20th year of the study. Combined application of 2.5 t FYM + 20 kg N produced 258.2 kg grain ha^{-1} and 5 t FYM along with 40 kg N ha^{-1} yielded 378.5 kg grain ha^{-1}. The dehydrogenase activity also improved with application of organic manures and highest activity was recorded in plots receiving 40 kg N + 5 t FYM ha^{-1}. Manure application @ 1.5, 3.0 and 4.5 t ha^{-1} increased clusterbean yield by 46, 84 and 85 per cent, respectively over control. There was 119.5 per cent increase in yield of sesame with 4.5 t ha^{-1} of manure.

326.0 कि.ग्रा./हे.) की अपेक्षा अधिक हुई। 20 कि.ग्रा. नत्रजन + 2.5 टन एफवाईएम संयुक्त रूप से देने से 258.2 कि.ग्रा./हे. और 5 टन एफवाईएम के साथ 40 कि.ग्रा. नत्रजन/हे. देने से 378.5 कि.ग्रा./हे. अनाज उत्पादन हुआ। जैविक खाद देने से डिहाइड्रोजिनेज गतिविधि में भी सुधार हुआ एवं सर्वाधिक गतिविधि 40 कि.ग्रा. नत्रजन+5 टन एफवाईएम/हे. वाले प्लाट में रही। देशी खाद 1.5, 3.0 और 4.5 टन हे. की दर से देने पर ग्वार की नियन्त्रण से उपज क्रमशः 46, 84 और 85 प्रतिशत बढ़ी। 4.5 टन/हे. देशी खाद देने से तिल की उपज में 119.5 प्रतिशत वृद्धि हुई।

भुज में किये गये एक अध्ययन में सिमित सिंचाई (क्षेत्र क्षमता का 40%) से जौ (20.5%), मैथी (23.2%), धनिया (23.8%) और सरसों (24.8%) की उपज पर कम विपरीत प्रभाव पड़ा। फव्वारा सिंचाई पद्धति द्वारा 50 मि.मी. सीपीई पर सिंचाई देने से 75 मि.मी. सीपीई और 100 मि.मी. सीपीई पर सिंचाई देने की तुलना में जौ का 28 और 78 प्रतिशत तथा जई का 70 और 110 प्रतिशत अधिक चारा उत्पादन हुआ। बिना पलवार की तुलना में प्लास्टिक और भूसे के पलवार से *सिट्रुलस वल्गेरिस* की उपज शुष्क स्थितियों में 15.2 और 23.1 प्रतिशत एवं संपूरक सिंचाई की स्थिति में 29.1 और 51.1 प्रतिशत बढ़ी।

फेरस सल्फेट (0.125%) के पर्णक छिड़काव से ग्वार में कुल क्लोरोफिल (25.3%) तथा नाइट्रेट रिडक्टेज गतिविधि में वृद्धि (7.7%) देखी गई जिससे ग्वार में बढ़त अच्छी हुई तथा जल छिड़काव की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त हुई। 1.0 मिली मोल एसए, टीएसए और एसएसए से बुवाई पूर्व बीजोपचार से सापेक्ष जल निहितता (क्रमशः 83.15, 81.08, 82.34), जल संभाव्यता (क्रमशः 2.51, 2.59, 2.56), मेम्बरेन स्थिरता सूचकांक (क्रमशः 72.60, 72.78, 73.02), सकल क्लोरोफिल (क्रमशः 1.37, 1.40, 1.39) और कैरोटिनाड (क्रमशः 0.54, 0.56, 0.53) में ग्वार की पत्तियों में 40वें दिन सार्थक वृद्विदेखी गई।

बीज को बायोफोस से उपचारित करने और नैनो–पी (640 मि.ग्रा./हे.) के पर्णक छिड़काव से 80 कि.ग्रा. फॉस्फोरस देने के समान उपज खेत की परिस्थिति में प्राप्त हुई। *बेसिलस मेंगटेरिअम* स्ट्रेन जेसीटी–13 (10^{10} संख्या) से मृदा उपचारित करने से नियन्त्रण की तुलना में फास्फेटेज और फाइटेज एंजाइम क्रमशः 53 और 73 प्रतिशत बढ़े। छः कार्बनिक एसिड

In a study at Bhuj, the least reduction in grain yield under deficit irrigation (40% of field capacity) was recorded in barley (20.5%) followed by fenugreek (23.2%), coriander (23.8%) and mustard (24.8%). Irrigation at 50 mm CPE with sprinkler system enhanced fodder yield of barley by 28 and 78 per cent and of oat by 70 and 110 per cent compared to irrigation at 75 and 100 mm CPE, respectively. Plastic and straw mulch increased the yield of *Citrullus vulgaris* var. *fistulosus* by 15.2 and 23.1 per cent under rainfed condition and by 29.1 and 51.1% under supplemental irrigation condition over no-mulch control.

Foliar spray of $FeSO_4$ (0.125%) recorded higher total chlorophyll (25.3%) and higher nitrate reductase activity (7.7%) accounting for better growth of clusterbean. This treatment gave 12.5 per cent higher yield than the water sprayed control. The pre-sowing seed treatment with 1.0 mM SA, TSA and SSA significantly influenced relative water content (83.15, 81.08, 82.34, respectively), water potential (2.51, 2.59, 2.56, respectively), membrane stability index (72.60, 72.78, 73.02, respectively), total chlorophyll (1.37, 1.40, 1.39, respectively) and carotenoid (0.54, 0.56, 0.53, respectively) content of clusterbean leaves at 40 DAS.

Seed inoculation with biophos and foliar application of nano-P (640 mg ha^{-1}) gave 80 kg P equivalent yield of pearl millet and clusterbean under field conditions. Soil inoculation with *Bacillus megaterium* strain JCT13 (10^{10} population) increased phosphatases and phytase enzymes over control by 53 and 73 per cent, respectively. The efficiency of six organic acids for native P mineralization followed the following order: citric acid > oxalic acid > tartaric acid >transaconitic acid > acetic acid > lactic acid. TEM analysis of plant mesophyll cell showed that nano-particles remain in nano-scale length in plant leaves and they accumulate in the vacuole. Accumulation in the vacuole was further confirmed by scanning tunneling electron microscope. SDS-PAGE analysis showed

की प्रभावकारिता मृदा फॉस्फोरस (पी) मिनरलाइजेशन के लिए इस प्रकार रही – सीटरिक एसिड > ऑक्जैलिक एसिड > टारटेरिक एसिड > ट्रांस एकोनिटिक एसिड > एसिटिक एसिड > लेक्टिट एसिड। पर्ण मध्यक कोशिका के टीईएम विश्लेषण से पता लगा कि नैनोकण पत्ती में नैनो स्केल लम्बाई में ही रहते हैं तथा रिक्तिका में जमा होते हैं। रिक्तिका में संचय की पुष्टि स्केनिंग टनेलिंग इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोप द्वारा भी हुई। एसडीएस–पीएजीई विश्लेषण में 32 केडीए प्रोटीन को नैनो कण संश्लेषण के लिए जिम्मेदार पाया गया जबकि अन्य प्रोटीन नैनोकण कैपिंग व स्थिरता में भूमिका निभा सकते है।

एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबंधन

भोपालगढ़ के चट्टानी–पथरीले स्थल पर *सेंक्रस सीलियरिस* की एकल खेती से सर्वाधिक उपज (1115 कि.ग्रा./हे.) प्राप्त हुई। वन चारागाह पद्धति में इसकी उपज नीम के साथ 967.3 कि.ग्रा./हे. व गुगल के साथ 1089 कि.ग्रा./हे. रही। पाली की उथली मृदा में गेंहू की सबसे कम उपज (3274 कि.ग्रा./हे.), ज्वार के साथ (2:2) धानचा, मूंग और चवला की बुवाई की तुलना में ज्वार की एकल बुवाई के बाद लेने पर हुई। पाल सीरीज की मृदा में ग्वार, जीरा, तिल और ईसबगोल की फसल में 7.5 टन/हे. कम्पोस्ट खाद देने से क्षेत्र क्षमता और जलीय चालकता 8.43 और 7.0 (नियन्त्रण में) से बढकर 8.82 और 9.01 हो गई। इसी प्रकार का लाम कम्पोस्ट के प्रयोग (5.0 टन/हे.) का बाजरा–ग्वार आवर्तन में देखा गया।

बेरीगंगा क्षेत्र में नाडी से 399 घन मी. मिट्टी निकालने से इसकी क्षमता 400–500 घन मी. तक बढ़ी। मानसून काल में 11 वर्षा दिनों में (जिनमें 15 मि.मी. से अधिक वर्षा हुई) 57134 घन मी. अपवाह हुआ और इसका 12 प्रतिशत चेक डेम में संग्रहित हुआ। भुज जल ग्रहण क्षेत्र के भराव क्षेत्र का समोच्च मानचित्र और त्रि–आयामी दृश्य बनाये गये। इसका गहराई–क्षमता कर्व बताता है कि इसमें 4305 घन मी. सिल्ट पिछले 12 वर्षों (2001–2012) के दौरान जमा हुई।

पशु उत्पादन सुधार एवं प्रबंधन

सांद्र (दाना) मिश्रण पूरक आहार सहित, सेंक्रस प्रभुत्व वाले चारागाह पर पाली गई थारपारकर गायों का दुग्धकाल में

that 32 kDa (extra cellular fungal proteins) were responsible for metal nano particle synthesis whereas other proteins might play role in nano-particle capping and stability.

Integrated Land and Water Resources Management

At rocky stony site of Bhopalgarh, sole crop of *Cenchrus ciliaris* gave highest grass yield (1115 kg ha^{-1}), while its yield in silvi-pasture systems was 967.3 kg ha^{-1} with *A. indica* and 1089 kg ha^{-1} with *Commiphora wightti*. Wheat after sole sorghum gave lowest yield (3274 kg ha^{-1}) in comparison to sorghum (2:2) with *dhaincha*, green gram and cowpea at Pali. Field capacity and hydrological conductivity of Pal series soils increased from 8.43 and 7.0 (under control) to 8.82 and 9.01, respectively with 7.5 t ha^{-1} compost application in clusterbean, cumin, sesame and isabgol crop sequences. Similar advantage of compost use (5.0 t ha^{-1}) was observed in pearl millet - clusterbean rotation.

Excavation of 399 m^3 earth from the *nadi* in Beriganga area increased its capacity by 400-500 m^3. During the monsoon season, eleven rainy days (more than 15 mm rainfall) generated 57134 m^3 runoff and 12.9 per cent of this runoff was retained by the check-dams. Contour map and three-dimensional view of the reservoir at Bhuj, Gujarat were prepared and its depth-capacity curve revealed 4305 m^3 silt deposition in the reservoir during past 12 years (2001-2012).

Improvement of Livestock Production and Management

Performance of Tharparkar cattle maintained on *Cenchrus* dominated pasture along with concentrate supplement was adjudged. The average lactation milk yield was 2053 litres while average daily milk yield was 7.2 litres.

Higher body weight gain up to 12 months of age was observed in Marwari lambs as compared to Marwari kids. The milk yield for total lactation period of Marwari and Parbatsari goats was 160.5 and

दुग्ध उत्पादन 2053 लीटर तथा औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 7.2 लीटर प्रति पशु रहा।

मारवाड़ी भेड़ के बच्चों में बकरी के बच्चों की अपेक्षा जन्म के 12 महीने बाद तक अधिक शारीरिक भार पाया गया। मारवाड़ी बकरी से 160.5 लीटर और परबतसरी बकरी से 202.9 लीटर दूध दुग्धकाल में प्राप्त हुआ। गेहूँ के ब्रान का 30 प्रतिशत *पी. जूलीफ्लोरा* की सूखी फलियों से देने पर बकरी के बच्चों के शरीर भार और स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं देखा गया।

पश्चिमी राजस्थान के छः जिलो (जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागौर और बीकानेर) में सूखे का उर्वरता और उत्पादन पर अध्ययन करने से यह प्रकट हुआ कि दूध नही देने वाले और बढ़ते पशुओं में कुपोषण से पहली ब्यांत में अधिक समय लगा और दो ब्यांत के बीच अधिक अन्तराल रहा।

नागौर जिले में आजीविका सुधार हेतु पशुधन आधारित तकनीकों से दूध और चारा उत्पादन में सुधार हुआ। हरसोलाव गाँव की गौशाला में पशु चारा बट्टिका बनाने की मशीन लगाई गई जिससे 1200 से अधिक पशु चारा बट्टिका का उत्पादन हुआ।

पौध उत्पाद और मूल्य संवर्धन

particles remain in nano-scale length and they accumulate in the vacuole (Fig. 3.5A). Accumulation in the vacuole was further confirmed by scanning tunneling electron microscope (STEM) (Fig. 3.5B).

Identification of protein responsible for biosynthesis of nano-particles: The extra-cellular fungal proteins that were responsible for synthesis of metal nano-particles from their precursor compounds were subjected to SDS-PAGE analysis for characterization on the basis of molecular weight. It was found that 32 kDa proteins (Fig. 3.6) are responsible for nano-particle synthesis whereas other proteins might play role in nano-particle capping and stability.



चित्र 3.6 *एस्परजिलस टेरियस* सीजैडआर 1 के एक्स्ट्रा सेलुलर प्रोटीन के एसडीएस–पीएजीई प्रोफाइल
Fig. 3.6 SDS–PAGE profiles of extra cellular proteins of *Aspergillus terriues* CZR 1

एकीकृत भूमि एवम् जल संसाधन प्रबंधन
INTEGRATED LAND AND WATER RESOURCES MANAGEMENT

भोपालगढ़ की चट्टानी पथरीली भूमि पर चारा उत्पादन: *सी. सीलियरिस* की एकल खेती से सर्वाधिक उपज (1115 कि.ग्रा./हे.) प्राप्त की गई। वन चारागाह पद्धति में इसकी उपज 967.3 कि.ग्रा./हे. नीम के साथ तथा 1089 कि.ग्रा./हे. गुगल के साथ रही। लगाई गई घास की प्रजातियों में से *सी. सिलियरिस*–358 ने जीवितता, बीज और चारा उपज सभी में अन्य प्रजातियों की तुलना में अच्छा निष्पादन दिया (सारणी 4.1)।

उथली भूमि से गेहूँ और तारामीरा की उपज सुधार हेतु प्रबंधन: पाली में गेहूँ की बुवाई 15 से.मी. ऊँची क्योरियों (जिनकी चौंड़ाई 40 से.मी. तथा बीच की दूरी 30 से.मी. थी) में की गई। इस तरिके से बुवाई करने से गेहूँ की जल उत्पादन क्षमता समतल खेत में बुवाई की अपेक्षा 29 प्रतिशत बढ़ी। इसी प्रयोग में गेहूँ को एकल ज्वार फसल लेनें के बाद बोने से इसकी सबसे कम उपज (3274 कि.ग्रा./हे.) प्राप्त हुई जबकि ज्वार के साथ 50 प्रतिशत (2:2 भाग में) ढ़ैंचा, मूँग और चँवला की फसल लेनें के बाद बोने पर ज्यादा उपज प्राप्त हुई। इस प्रयोग में नाइट्रोजन की प्रस्तावित मात्रा देने से ही गेहूँ की उच्च उपज की प्राप्ति (3874 कि.ग्रा./हे.) हुई।

दूसरे प्रयोग में तारामीरा की क्यारी बुवाई (485 कि.ग्रा./हे.) तथा पारम्परिक बुवाई (424 कि.ग्रा./हे.) से समान उपज प्राप्त हुई। कम उपज उन प्लाट्स में प्राप्त हुई जहाँ खरीफ की फसल 50 दिनों की बजाय 60 दिनों के बाद काटी गई। तारामीरा में जिप्सम देने से बीज की उपज 14.8 प्रतिशत तक बढ़ी।

पाल सीरीज की मृदा में जैविक खाद का प्रभाव: तीन वर्ष के अध्ययन में कम्पोस्ट (0, 2.5, 5.0 और 7.5 टन/हे.) + नीम खल (0.4 टन/हे.) ग्वार–जीरा और तिल–इसबगोल की फसलों में

Grass production at rocky stony site of Bhopalgarh: Sole crop of *C. ciliaris* gave highest grass yield (1115 kg ha^{-1}). Its yield in silvipasture systems ranged from 967.3 kg ha^{-1} with *Azadirachta indica* to 1089 kg ha^{-1} with *C. wightti*. Among the four grass species planted, C. *ciliaris*-358 performed best in terms of survival, seed and fodder yield compared to other species (Table 4.1)

Management of shallow soils to improve productivity of wheat and *taramira*: In sorghum-wheat sequence at Pali, bed planting of wheat (beds of 40 cm width and 15 cm height with 30 cm wide furrows) increased water productivity of wheat by 29 per cent compared to conventional planting. In the same experiment wheat rotated with sole sorghum gave lowest yield (3274 kg ha^{-1}) in comparison to 50 per cent (2:2) substitution of sorghum with *dhaincha*, green gram and cowpea. However, application of nitrogen at recommended dose only gave significantly higher grain yield of wheat (3874 kg ha^{-1}) in this experiment.

In another experiment, *taramira* yield in bed planting (485 kg ha^{-1}) was at par with conventional sowing method (424 kg ha^{-1}). However, reduced yield was recorded in plots where harvesting of *kharif* crops was done at 60 DAS compared to harvesting at 50 DAS. Gypsum application to *taramira* improved seed yield by 14.8 per cent.

Influence of organic inputs on soil properties of Pal series soil: In a three year study, compost @ 0, 2.5, 5.0 and 7.5 t ha^{-1} + *neem* cake (0.4 t ha^{-1}) applied to clusterbean-cumin and sesame-isabgol crops had no effect on soil EC and soil organic carbon (SOC). However, soil pH decreased from 8.14 under control to

सारणी 4.1 चट्टानी पथरीली भूमि पर घास का तुलनात्मक निष्पादन
Table 4.1 Comparative performance of grasses at rocky stony site

Grass species	Survival (%)	Seed yield (kg ha^{-1})	Dry fodder yield (kg ha^{-1})
Cympogan javankusa	93.2	16.7	396.7
Dicanthium annulatum	95.8	958.6	958.6
Cenchrus ciliaris-358	98.1	1543.8	1543.8
Cenchrus setigerus	96.9	533.5	533.5

देनें से मृदा की ईसी और जैविक कार्बन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जबकि कम्पोस्ट खाद की 7.5 टन/हे. दर वाले उपचार में मृदा का पीएच मान 8.14 से 8.0 हो गया। कम्पोस्ट खाद 7.5 टन/हे. देनें से सर्वाधिक क्षेत्र क्षमता (एफसी=8.82) और जलीय चालकता (एचसी=9.01) रिकॉर्ड की गई, जबकि अनुपचारित प्लाट में एफसी 8.43 तथा एचसी 7.0 रहा।

छः वर्ष के प्रयोग में बाजरा–ग्वार आवर्तन में जैविक खाद देने से मृदा ईसी और पीएच (0–15 से.मी. परत में) और एसओसी और डीहाईडोजिनेज दोनों ही (0–15 और 15–30 से. मी.) परत में बढ़े। यह बढ़त प्रयोग के छठे वर्ष में सर्वाधिक रही। इसके अतिरिक्त जैविक खाद से इनफिल्ट्रेशन दर (आईआर) एफसी, एचसी और स्थूल घनता भी प्रभावित हुई (सारणी 4.2)।

बेरीगंगा शोध क्षेत्र का जलीय प्रबोधन और विकास: बेरीगंगा शोध क्षेत्र के ब्लॉक II में पहाड़ी की तलहटी में स्थित नाडी का पुर्नसुधार किया गया (चित्र 4.1)। नाडी में से 399 घन मी. मिट्टी निकाली गई और उसे चारों तरफ मेड़बंध के रूप में लगाया गया। इस सुधार से नाडी की जल ग्रहण क्षमता 400–500 घन मी. तक बढ़ी। करीब 200 अर्द्ध चन्द्रकार टेरेस ढ़लान वाले जल उत्सर्जन क्षेत्र (0.5 हे.) में बनाये गये। *अकेसिया सेनेगल, पोंगेमिआ पीनाटा, एजाडीराक्टा इंडीका* और *अलेबेजिया लब्बेक* के पचास पचास पौधे जल ग्रहण क्षेत्र में लगाये गये।

इस वर्ष मानसून में 453.3 मि.मी. वर्षा 21 दिनों में हुई। नाडी में जल बहाव 11 वर्षा दिवस में प्राप्त हुआ जब 15 मि.मी. से अधिक वर्षा हुई । कुल 57134 घन मी. जल बहाव का 12.9 प्रतिशत चेकडेम में रोका गया तथा शेष आगे बह गया।

8.0 with 7.5 t compost ha^{-1} in 0-15 cm depth. Dehydrogenase was significantly less in both the layers in all organic inputs compared to control. Maximum field capacity (FC = 8.82) and hydrological conductivity (HC = 9.01) was recorded in compost plots treated @ 7.5 t ha^{-1} compared to control (FC = 8.43, HC = 7.0).

Correspondingly, in a six year experiment, organic inputs applied to pearl millet-clusterbean rotation, increased soil EC and pH in 0-15 cm layer and SOC and dehydrogenase in both 0-15 and 15-30 cm layers. The increase was significant in 6th year of the study. Also, organic inputs significantly influenced infiltration rate (IR), FC, HC and bulk density compared to control (Table 4.2).

Hydrological monitoring and development of Beriganga research farm: Renovation of the *nadi* located at the foothill in the block-II of Beriganga research farm was completed (Fig. 4.1). A total of 399 m^3 earth was excavated from the *nadi* and deposited on the periphery of the *nadi* in the shape of bund. This renovation increased the capacity of *nadi* by 400-500 m^3. About 200 half-moon terraces were constructed on the sloppy land near the drain covering an area of 0.5 ha. Fifty plants each of *Acacia senegal*, *Pongamia pinnata*, *Azadirachta indica* and *Albizia lebbeck* were planted in the catchment.

During the monsoon season, 453.3 mm rainfall was received in 21 rainy days. Eleven rainy days of more than 15 mm rainfall contributed to generation of runoff. A total of 57134 m^3 runoff was generated and overall 12.9 per cent of the generated runoff was retained by the check-dams and remaining passed through the stream.

सारणी 4.2 पाल सीरीज की मृदा में जैविक अदा का भौतिक गुणों पर प्रभाव
Table 4.2 Influence of organic inputs on physical properties of Pal series soil

Treatment*	Surface 10 cm layer				Water dispersible silt + clay (%)		IR (cm hr^{-1})
	FC moisture (% by weight)	CI (kg cm^{-2})	HC (cm hr^{-1})	BD (g cm^{-3})	0-15 cm	15-30 cm	
Control	7.87	5.10	3.34	1.67	8.0	8.5	7.8
Manure A	8.18	4.76	3.54	1.65	8.8	9.0	9.8
Manure B	8.31	3.91	5.44	1.61	8.0	8.6	11.5
Sed	0.40	ns	0.61	0.03	ns	ns	1.2

* Control-No manure no *neem* cake, Manure A - 2.5 t compost + 0.2 t *neem* cake ha^{-1}, Manure B- 5.0 t compost + 0.4 t *neem* cake ha^{-1}
S.e.d.- Standard error of difference.



चित्र 4.1 बेरीगंगा शोध फार्म में ब्लॉक–।। में पहाड़ी की तलहटी पर स्थित नाडी (ए) पुनरूद्धार से पूर्व (बी) पुनरूद्धार के बाद
Fig. 4.1 Nadi located at the foothill in the block -II of Beriganga research farm (A) before renovation (B) after renovation

भुज फार्म के जल भराव क्षेत्र का भू–आकारिकी सर्वेक्षण : जून, 2012 में भुज फार्म के जलाशय का भू–आकारिकी सर्वेक्षण किया गया। जलाशय का समोच्च नक्शा और त्रि–आयामी दृश्य बनाये गये (चित्र 4.2)। जलाशय का गहराई–क्षमता कर्व

Topographical survey of Bhuj farm reservoir: Topographical survey of the farm reservoir at Bhuj was performed in June 2012. Contour map and three-dimensional view of the reservoir were prepared (Fig.4.2). The depth-capacity curve (Fig. 4.3) revealed



चित्र 4.2 भुज प्रक्षेत्र के जलाशय का समोच्च और त्रिआयामी मानचित्र
Fig. 4.2 Contour map and three-dimensional view of on-farm reservoir at Bhuj

(चित्र 4.3) दर्शाता है कि इस की जल भराव की वर्तमान क्षमता 24879 घन मी. है जो कि प्रारम्भिक क्षमता से 4305 घन मी. कम है। यह भराव में अवशिष्ट पदार्थो के पिछले 12 वर्ष के दौरान (2001–2012) हुए जमाव से हुआ है।

that current capacity of the reservoir is 24879 m^3, which is 4305 m^3 less than the initial capacity. Thus, 4305 m^3 silt has deposited in the reservoir through sedimentation over a period of 12 years (2001-2012).



चित्र 4.3 भुज प्रक्षेत्र के जलाशय का गहराई–क्षमता कर्व
Fig. 4.3 Depth-capacity curve of on-farm reservoir at Bhuj

पशुधन उत्पादन सुधार एवम् प्रबंधन
IMPROVEMENT OF LIVESTOCK PRODUCTION AND MANAGEMENT

थारपारकर गायों का निष्पादन: सांद्र मिश्रण पूरक आहार के साथ, *सेंक्रस* प्रभुत्व चरागाह पर पाली गई थारपारकर गायों की प्रथम ब्यांत पर आयु 42.5±6.3 माह थी। औसत दुग्ध उत्पादन 305 दिनों में 2053±113 लीटर जबकि शीर्ष औसत उत्पादन 11 ली./दिन था। दुग्धकाल के दौरान औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 7.2 लीटर था जबकि सर्वाधिक प्रति पशु उत्पादन 15.2 लीटर था। गायों में औसत शुष्क अवधि एवं ब्यांत अन्तराल 63.1±16.3 व 383.8±8.7 दिन थे। श्रेष्ठ थारपारकर नस्ल के साँडों का वितरण ग्रामीणों को किया गया ताकि थारपारकर नस्ल को संरक्षित किया जा सके एवं उनके दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सके।

लघु रोमंथियों का उत्पादन प्रदर्शन: मारवाड़ी तथा परबतसरी बकरियों और मारवाड़ी भेड़ के झुण्डों को सिमित प्रबंधन प्रणाली के तहत् संस्थान के केन्द्रीय अनुसंधान फार्म पर रखा गया। मारवाड़ी भेड़ के बच्चों में जन्म से 12 माह की आयु तक उच्च शारीरिक भार वृद्धि पायी गई (सारणी 5.1)।

मारवाड़ी बकरियों का मेमनों का दूध छुड़ाने से पहले (90 दिन तक), 150 दिन तक व कुल दुग्धकाल अवधि के दौरान औसत दुग्ध उत्पादन क्रमशः 63.2, 107.5 व 160.5 लीटर और परबतसरी बकरियों का क्रमशः 78.0, 152.7 एवं 202.9 लीटर था। परबतसरी तथा मारवाड़ी बकरियों में अधिकतम औसत उत्पादन क्रमशः 1.40 व 1.34 लीटर था। दुग्धकाल की औसत अवधि परबतसरी व मारवाड़ी बकरियों में क्रमशः 282.3 व 291.4 दिन थी। मादा भेड़ से औसत ऊन उत्पादन 615 ग्रा. प्रथम (ग्रीष्म) व 702 ग्रा. द्वितीय (शीत) कतरन में रहा तथा यह ऊन के माप दण्डों अर्थात रेशे की लम्बाई 5.5 से.मी., व्यास 34.15 माइक्रॉन,

Performance of Tharparkar cattle: Tharparkar cattle were maintained on *Cenchrus* dominated pasture along with concentrate supplement. The age at first calving was 42.5 ± 6.3 months. The average lactation yield was 2053 ± 113 liters in 305 days with average peak yield of 11 liters. The average daily milk yield during lactation period was 7.2 liters with highest individual yield of 15.2 liters. The dry period and calving interval of the herd were 63.1 ± 16.3 and 383.8 ± 8.7 days, respectively. The superior male animals were distributed to villagers for increasing productivity of non-descript cattle and conservation of Tharparkar breed.

Production performance of small ruminants: Flocks of Marwari and Parbatsari goats and Marwari sheep were maintained under semi-intensive system of management at Central Research Farm of the institute. Higher body weight gain up to 12 months of age was observed in Marwari lambs (Table 5.1).

The average milk production of Marwari goats was 63.2, 107.5 and 160.5 liters during pre-weaning (90-days), up to 150-days and for the total lactation period, respectively, while for Parbatsari goats the corresponding values were 78.0, 152.7 and 202.9 litters. The average peak milk yield of Parbatsari and Marwari goats was 1.40 and 1.34 liters. The average lactation length was 282.3 days for Parbatsari and 291.4 days for Marwari goats. The average wool yield of female sheep was 615 g from summer clip and 702 g from winter clip. The wool quality was coarse type that

सारणी 5.1 मेमनों एवं भेड़ के शिशुओं का विभिन्न आयु समूहों पर शारीरिक भार
Table 5.1 Body weight of kids and lambs at different age

Animal		Body weight (kg) at different stages of growth				
		Birth	3-months	6-months	9-months	12-months
Marwari goats	Male	2.48	11.4	14.5	17.9	20.1
	Female	2.16	9.3	10.6	14.8	15.2
Parbatsari goats	Male	2.97	13.6	15.3	18.1	20.2
	Female	2.23	11.0	11.3	13.4	13.7
Marwari sheep	Male	3.30	18.8	28.9	30.2	36.9
	Female	3.37	17.3	22.5	26.0	24.1

मेड्यूलेशन 62.5 प्रतिशत और लहर 0.57 प्रति से.मी. के अनुसार मोटे ऊन के प्रकार का था।

पशुधन उत्पादकता पर सूखे का प्रभाव: पशुधन के प्रजनन, उत्पादन विशेषताओं और पशु आहार की उपलब्धता पर सूखे के प्रभाव का मूल्यांकन पश्चिमी राजस्थान के छः जिलों (जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागौर व बीकानेर) में किया गया। भेड़ व बकरी को मिश्रित झुण्ड में रखते है। अधिकांश पशुओं में उत्पादकता कम पायी गई। मूल्यांकन में यह देखा गया कि कुपोषण और पशु पालकों द्वारा युवा एवं शुष्क गर्भवती पशुओं की उपेक्षा इसके मुख्य कारण थे। पशु पालक सिर्फ दुधारू पशुओं के पोषण पर ध्यान देते हैं।

सूखे के दौरान, चारा संसाधनों की उपलब्धता में गम्भीर रूप से कमी पाई गयी जिसके कारण पशुधन के प्रजनन व उत्पादन में भी कमी हुई। युवा पशु (2 माह की आयु तक) दस्त व न्यूमोनिया से ग्रसित थे, जो कि बकरी की अपेक्षा भेड़ के शिशुओं में अधिक रही। गौ पशुओं में कुपोषण व प्रसवोत्तर प्रजनन विकारों के कारण प्रथम ब्यांत अधिक आयु (5 से 6 वर्ष) में एवं दीर्घ प्रजनन अन्तराल (1.5 से 2 वर्ष) पाये गये। गौ पशुओं व भैसों में प्रसवोत्तर विकारों के कारण शुष्क एवं दूध देय अवधि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। कई पशुओं में बाँझपन व प्रजनन संबंधी विकारों के मामले पाये गये। सूखा ग्रस्त इलाकों के पशुओं पर कार्बनिक फॉसफोरस व विटामिन–ए, खनिज लवण–विटामिन मिश्रण/यूरिया शीरा लवण बट्टिका तथा कृमिनाशक उपचार के पैकेज का अच्छा (70 प्रतिशत सफलता) प्रभाव पाया गया।

बकरियों हेतु विलायती बबूल की फली आधारित सम्पूर्ण चारा बट्टिका: बकरियों में *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* की सूखी फलियों के साथ गेंहूँ के चोकर के प्रतिस्थापन के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रयोग किया गया। नियंत्रित (नर व मादा) समूहों के पशुओं को आहार में 70 प्रतिशत गेहूँ के चोकर और 30 प्रतिशत सांद्र मिश्रण युक्त सम्पूर्ण चारा बट्टिकाएँ खिलाई गई। जबकि उपचारित समूहों में 30 प्रतिशत गेंहूँ के चोकर को *पी. जूलीफ्लोरा* की फलियों के चूरे से विस्थापित किया गया था।

औसत दैनिक शुष्क पदार्थ ग्रहण प्रति 100 कि.ग्रा. शारीरिक भार नियंत्रित व उपचारित पशुओं में क्रमशः 4.48 तथा 4. 01 कि.ग्रा. रहा। औसत दैनिक वृद्धि (ए.डी.जी.) नियंत्रित समूह (49.7 ग्रा.) की तुलना में उपचारित समूह (57.6 ग्रा.) में अपेक्षाकृत अधिक थी। उच्चतम ए.डी.जी. उपचारित समूह के बकरों में तथा

has on an average 5.5 cm staple length, 34.15 µ diameter, 62.5 per cent modulation and 0.57 cm^{-1} crimp).

Impact of drought on livestock productivity: Impact of drought on fertility and production characteristics of livestock and feed and fodder availability was assessed in six districts (Jodhpur, Barmer, Jaisalmer, Pali, Nagaur and Bikaner) of western Rajasthan. In most of the animals, low productivity was mainly due to malnutrition and preferential feeding of only lactating animals, neglecting the growing and dry pregnant animals. The small ruminants were maintained mainly in mixed flocks of sheep and goats.

During drought, the availability of feed and fodder resources became severely deficient, which adversely affected production and reproduction of livestock. The young animals (up to 2 months of age) suffered from diarrhoea and/or pneumonia and the incidence was more prevalent in lambs than in kids. Late first calving (5-6 years) and longer calving interval (1.5-2.0 years) were observed in cattle, mainly due to malnutrition and post-partum reproductive disorders. Post calving malnutrition adversely affected bovines during dry and service periods. Cases of anoestrus, infertility and other reproductive disorders were observed in many animals. Such sick animals (70%) responded well to package of treatment consisting of supplementation of organic phosphorus + vitamin A, mineral-vitamin mixture/urea molasses mineral block and deworming with broad spectrum anthelmintic.

***Prosopis juliflora* pod based complete fodder block for goats:** An experiment was conducted to evaluate the effect of replacement of wheat bran with dry pods of *Prosopis juliflora* on performance of yearling goats. The animals (control and treatment group) were offered weighed quantity of complete fodder block consisting of 70 per cent masoor straw and 30 per cent concentrate *ad libitum.* In treatment group, 30 per cent wheat bran was replaced with *P. juliflora* pod powder.

Average daily dry matter intake (DMI) 100 kg^{-1} body weight was 4.48 kg in control and 4.01 kg in treatment group. Average daily body weight gain was comparatively higher in treatment (57.6 g) than in control group (49.7 g). Highest average daily weight gain was in the bucklings of treatment group and lowest in the goatlings of control group (Fig. 5.1). The values of



चित्र 5.1 विभिन्न समूहों में बढ़ती बकरियों का शारीरिक भार
Fig. 5.1 Body weight of growing goats under different groups

निम्नतम नियंत्रित समूह की बकरियों में पाया गया (चित्र 5.1)। रक्त होमोग्लोबिन, शर्करा, कुल प्रोटीन व रक्त यूरिया नत्रजन के मान शरीर भार की सीमाओं के अन्दर थें।

पशुधन आधारित तकनीकियाँ: राजस्थान के नागौर जिले में आजीविका सुधार के लिए पशुधन आधारित तकनीकियों पर पायलट अध्ययन किया गया। इसके तहत् दो तहसीलों (जायल व मेड़ता) के बारह गाँवों को चार समूहों में बांट कर परियोजना को लागू किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकियाँ जैसे कि वन चरागाह मॉडल, दोहरे उद्देश्य वाली मोटे अनाज की किस्मों का प्रयोग, सीमित सिंचाई के तहत हरा चारा फसलों की खेती, काँटे रहित थोर का वैकल्पिक पशु आहार स्रोत के रूप में प्रयोग और पूरक पशु आहार का चयन किया गया (सारणी 5.2)।

गर्म शुष्क क्षेत्रों में चारा बैंक: चारा बैंकों को और सम्पन्न करने के लिए एक व्यावहारिक मॉडल विकसित करने हेतु, विभिन्न संगठनों द्वारा स्थापित चारा बैंकों की कमजोरियों व अच्छाईयों को जानने के लिए अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में द्वितीयक सूचनाओं की समीक्षा, प्रमुख हितधारकों के साथ विचार विमर्श और राजस्थान के जैसलमेर तथा जोधपुर जिलों में सर्वेक्षण कार्य शामिल थे।

राजस्थान के गाँवों में अच्छी वर्षा वाले वर्षों में बाजरा, गेहूँ, जौ अथवा सूखी घास की अतिरिक्त पैदावार को 10 साल तक सुरक्षित रखने के लिए परम्परागत कराई या पचावा

blood haemoglobin, glucose, total protein and blood urea nitrogen were within the physiological limits.

Livestock centric interventions: Pilot study on livestock centric interventions for livelihood improvement was implemented in twelve villages of two tehsils (Jayal and Merta) of Nagaur district. Interventions like silvipasture models, use of dual purpose coarse cereal varieties, cultivation of green fodder crops under limited irrigation, introduction of spineless cactus as an alternative feed resource and feed supplementation were undertaken. The performance of various interventions is given in Table 5.2.

Fodder banks in hot arid zone: To develop a workable model for further up-scaling the fodder banks, the study was undertaken to know the weaknesses and strengths of fodder banks established by various organizations. The study consisted of review of secondary information, discussions with key stakeholders and field survey in Jaisalmer and Jodhpur districts of Rajasthan.

It was found that during good rainfall years in western Rajasthan, excess fodder of pearl millet, wheat, barley or dry grasses is stored in the traditional structures like *Karai* and *Pachawa* up to 10 years. *Karai* is a conical shaped structure, with 3-4 m diameter at the base and 8-9 m height. At the base, pearl millet and

सारणी 5.2 विभिन्न लागू तकनीकियों का प्रदर्शन निष्पादन
Table 5.2 Performance of various interventions

Intervention	No of farmers	Critical inputs	Achievement
Forage production			
Improved grasses	40	*Cenchrus ciliaris* and *Cenchrus setigerus*	Fodder yield: 6.0-15.0 t ha^{-1}
Forage production under rainfed condition	405	Improved varieties of dual purpose crops	Increased biomass production by
		Pearl millet (Raj-171, CZP-9802, HC-10, HC-20)	11-19%
		Sorghum (CSV-15, CSV-20)	13-29%
		Clusterbean (RGC-936, RGC-1003)	4-5%
Forage production under irrigated condition			
Rabi season	111	Barley (RD-2552, RD-2035)	Increased grain and straw yield by 10-20%
		Lucerne (A-2)	Green fodder yield harvested in 6 cuts ranged from 71.0 to 92.5 t ha^{-1}
		Oat (kent)	-
Summer season	36	Sorghum (CSV-20)	25.0-41.0 t ha^{-1}
	122	Pearl millet (Rijka Bajri, AVKB-19)	31.0-39.5 t ha^{-1}
	24	Fodder guar (BG-2)	11.0-14.5 t ha^{-1}
Propagation of thornless cacti for green fodder production	10	Spineless cactus (*Opuntia ficus-indica)*	Limited number of cladodes survived
Livestock feeding			
Supplementary feeding in buffaloes	152	Multi-nutrient blocks	Increased milk by 10-15% B:C ratio of 5.65:1
Supplementary feeding in cows	56	Multi-nutrient blocks	Increased milk by 10-18% B:C ratio of 4.81
Supplementary feeding in goats	393	Multi-nutrient mixture	Increased milk by 15-25% B:C ratio of 1.60:1
Feeding of enriched fodder	165	Urea treated roughage	Increased acceptability in the farming community
Feeding of complete feed blocks		Nutritionally balanced complete feed blocks	Established feed block making machine at Sant Bhuria Baba Gaushala, Harsolav. Produced more than 1200 fodder blocks

संरचनाओं में जमा करते हैं। कराई संरचना शक्वाकर होती है जिसके आधार का व्यास 3–4 मी. और ऊँचाई 8–9 मी. होती है। आधार पर बाजरा व सरसों का भूसा रखा जाता है, फिर उस को घास व बाजरा डंठल के साथ ढ़का जता है। कराई के ऊपरी भाग को प्रत्येक 3–4 वर्ष बाद बदल दिया जाता है। कराई के चारों ओर पशुओं से सुरक्षा के लिए एक खाई भी बनाई जाती है। पचावा संग्रहण संरचना वर्षा जल से सुरक्षा के लिए ऊँचे स्थल पर बनाया जाता है। इसका आधार गोलाकार, चौकोर या आयताकार हो

mustard straw is kept and covered with grasses and pearl millet stalk. The upper portion of the *Karai* is replaced every 3-4 years. Trench around *Karai* is made to protect it from animals. *Pachawa* is usually erected on a raised floor to safeguard against rainwater. Its shape at the base may be circular, square or rectangular; its longer side is kept parallel to the wind direction to avoid any overturning. The storage capacity of *Pachawa* may be up to 100 t dry fodder.

सकता है। इसके लम्बे पृष्ठ को आमतौर पर बह रही हवाओं के समानान्तर रखा जाता है ताकि तीव्र हवा में संरचना को कोई नुकसान न हो। पचावा की भण्डारण क्षमता लगभग 100 टन सूखा चारा तक होती है।

लधु पशुपालकों की रणनीतियाँ

पशुधन प्रवासन: पशुधन प्रवास का वर्तमान रूझान जानने एवं विश्लेषण हेतु पाली, जोधपुर, बाड़मेर और जालौर जिले के विभिन्न गाँवों में अध्ययन किया गया। ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन के परिणाम और द्वितीयक साहित्यिक सर्वेक्षण बताते हैं कि प्रमुख समुदाय जो पश्चिमी राजस्थान में भेड़, बकरी पालते हैं वे राईका (देवासी/रेबारी), सिंधी मुस्लमान, जाट, राजपूत एवं गूजर हैं। इनके झुण्ड में 40–250 छोटे या 50–220 बड़े पशु होते हैं। संबंधित क्षेत्रों में मारवाड़ी और सोनाडी प्रजाति की भेड़ें तथा कांकरेज प्रजाति की गाय पाली जाती हैं।

प्रचलित प्रवास के मार्ग निर्धारित होते हैं। छोटे पशुओं (भेड़ और बकरियों) व गाय को लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास में जाना पश्चिमी राजस्थान के पशुपालकों की नियमित प्रक्रिया है। ये लोग जोधपुर के दक्षिणी भाग, बाड़मेर व जालौर जिलों से आमतौर पर गुजरात राज्य की ओर जाते हैं। अन्य स्थानों के लोग पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की ओर जाते हैं। साधारणतया गडरिये शीत ऋतु में अपनी यात्रा प्रारम्भ करते हैं और मानसून के आरम्भ में अपने घर वापस लौट आते हैं। प्रवास का पैमाना कई कारकों जैसे कि झुण्ड का आकार, परिवार या गाँव की स्थिति और वर्षा की मात्रा पर निर्भर करता है। प्रवास आस–पास के गाँवों में, जिले से बाहर या राज्य से बाहर हो सकता हैं।

राईका बड़े पैमाने पर भूमिहीन हैं और अपने पशु समूहों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वे सामुदायिक संसाधनों, वन और परती भूमि पर निर्भर रहते हैं। दुधारू पशुओं को दाना भी दिया जाता है। लघु रोमंथियों का उपयोग मांस, ऊन, मींगनी और दूध के लिए किया जाता है। अधिक आयु की भेड़ों को मांस के लिए भी बेचते हैं। 3–5 माह की उम्र के मेमनों का औसत बिक्री मूल्य 2000 से 3500 रूपये प्रति पशु था। गायों का घी व दूध आय के मुख्य स्त्रोत थे।

रोग प्रबंधन: उत्तरदाताओं के अनुसार पशुओं में सबसे ज्यादा समस्या आफरा, खुर पका – मुँह पका, दस्त और श्वास संबंधी बीमारियाँ हैं। लघु रोमंथियों में पीपीआर (विषाणु रोग), न्यूमोनिया,

Coping Strategies of Livestock Smallholders

Livestock migration: A study was conducted in different villages of Pali, Jodhpur, Barmer and Jalore districts to analyze the existing and emerging trends with respect to livestock mobility. The results of Participatory Rural Appraisal (PRA) and secondary literature survey revealed that main communities who rear sheep and goat in western Rajasthan are *Raika* (*Dewasi/Rebari*), *Sindhi Muslim*, *Jat*, *Rajputs* and *Gujjars*. The flock size varied from 40 to 250 for small ruminants and 50 to 220 for cattle. The major breeds of sheep in the project area were Marwari and Sonadi while cattle breed was Kankrej.

Migration of small ruminants (particularly sheep) and cattle is a regular feature of western Rajasthan. Migration may be i) within district mainly during November to June, ii) outside the district and iii) outside the state, depending upon factors like flock/herd size, location of the family or village and amount of rainfall.

The migration routes are well established. People from southern parts of Jodhpur, Barmer and Jalore districts generally go towards Gujarat. From other parts of western Rajasthan, migration towards Punjab, Haryana, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh is common. Usually, the herders set out on their journey in winter and return to their homes in early monsoon.

The herders are mostly landless and to fulfil the nutritional requirements of their flocks they depend on common property resources, forest and fallow lands. Lactating animals, particularly cattle, are given supplementary concentrate. Small ruminants are utilized for meat, wool, dung and milk. Female lambs are kept for reproduction although old age sheep are sold for slaughter. The average sale price of lambs of 3-5 months age varied between Rs. 2000 to 3500 per animal. Cow milk and *ghee* are major source of income of cattle rearers.

Disease management: The most common problems in livestock were bloat, foot-and-mouth disease (FMD), diarrhoea and respiratory diseases. In small ruminants PPR (viral disease), pneumonia, liver fluke, diarrhoea and FMD were most prevalent. Small ruminant keepers have extensive ethno-veterinary knowledge.

Labour management: Rearing of small ruminants depends on labor inputs of all family members. The

यकृत कृमि, दस्त एवं खुर–पका मुँह–पका सर्वाधिक प्रबल रोग हैं।

श्रम प्रबंधन: लघु रोमंथियों की देखभाल परिवार के सभी सदस्यों के श्रम आदानों पर निर्भर करती है। परिवार के पुरूष सदस्य पशुओं को चराई के लिए ले जाते हैं जबकि महिलाऐं बाड़े की सफाई और घर पर कम आयु के मेमनों के पालन पोषण की जिम्मेदारी निभाती हैं। पशु पालकों के मामले में परिवार के सभी सदस्य एक साथ चलते हैं तथा महिलाएँ प्रवास के दौरान पशुओं के प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। किन्तु लम्बी दूरी के प्रवास के दौरान गाँव में बच्चों की शिक्षा व प्रवासी क्षेत्रों में सुरक्षा समस्याओं के कारण महिलाओं की भागीदारी में गिरावट आई है।

मुख्य समस्याएँ: चराई के संसाधनों की कमी सबसे बड़ी समस्या है। गोचर व ओरन की गुणवत्ता का ह्रास, परती भूमि में घटत व सिंचित क्षेत्र में वृद्धि, वन भूमि में चराई पर प्रतिबंध और प्रवास के दौरान बढ़ती परेशानियाँ मुख्य समस्याएँ पाई गई।

male members of family take the animals for grazing while female members are responsible for cleaning of sheds and feeding the kids. During long migration the trend of movement of women members is declining due to education of children at village and security problems in the migrated regions. In case of cattle rearers, generally all family members move together and female members actively participate in management of animals during migration.

Major constraints: Reduced availability of grazing resources was the major constraint. Decline of common grazing lands (*Gochar* and *Oran*) and their degraded condition, reduced fallowing during rainy season, cultivation of irrigated crops in winter/summer season and restrictions in forest areas had limited the grazing resources. Increased incidences of theft/robbery, clashes with farmers, lack of health care support and ban on grazing in forest areas were major constraints during migration.

पादप उत्पाद एवम् मूल्य संवर्द्धन
PLANT PRODUCTS AND VALUE ADDITION

ओलियो–गोंद–रेजिन उत्पाद हेतु गुग्गल (*कोमीफेरा विटी*) का इथेफोन द्वारा उपचार: अक्टूबर, 2011 में संस्थान के केन्द्रीय शोध प्रक्षेत्र में लगे गुग्गल पादपों का इथेफोन की विभिन्न सान्द्रंता द्वारा उपचार करने पर गोंद–रेजिन का उत्पादन 1.0 से 8.3 ग्राम प्रति पादप रहा और इन पौधों की वृद्धि पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं देखा गया। कायलाना प्रक्षेत्र के गुग्गल पौधों का जून, 2012 में उपचार करने पर गोंद का उत्पादन 3.6 से 28.00 ग्राम/पौधा दर्ज किया गया।

***एकेसिया नीलोटिका* तथा *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* से गोंद उत्पादन**: दोनों वृक्ष प्रजातियों के पुराने वृक्षों को गोंद उत्प्रेरक द्वारा उपचार करने पर उपचार के 8–10 दिनों के बाद से ही गोंद का निस्तारण प्रारम्भ हो गया जो तीस दिन तक जारी रहा। *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* द्वारा सर्वाधिक गोंद उत्पादन (116 ग्राम/वृक्ष) प्राप्त किया गया। *एकेसिया नीलोटिका* से औसत गोंद उत्पादन 50 ग्राम/वृक्ष दर्ज किया गया।

कुमट से गोंद एवं बीजोत्पादन पर प्रबंध प्रक्रियाओं का प्रभाव: पारम्परिक प्रथा जैसे वृक्ष के तने में उग्र कटान की तुलना में विभिन्न प्रबंधन तकनीकों यथा सिंचाई, देशी खाद, देशी खाद + सिंचाई तथा रासायनिक गोंद उत्प्रेरक के प्रयोग द्वारा गोंद उत्पादन में प्रभावी वृद्धि हुई। उपचार पूर्व दो बार पाक्षिक सिंचाई तथा देशी खाद की आधी तथा पूरी खुराक देने से गोंद उत्पादन की मात्रा 71 ग्रा./वृक्ष तथा बीज उत्पादन 192 ग्रा./वृक्ष रहा तथा गोंद उत्प्रेरक इथोफोन की मात्रा भी आधी (97.5 मि.ग्रा. इथेफोन/मि.ली. घोल) की जा सकी। जबकि नियंत्रण में प्रेरक की आधी खुराक देने से बीज उत्पादन अपेक्षाकृत निम्न रहा (सारणी 6.1)।

Treatment of *Commiphora wightii* plants with ethephon for oleo-gum resin production: Ethephon doses were tested to identify its optimum dose for maximum production of oleo-gum resin without any adverse effect on the growth performance of the *Commiphora wightii* plants. Oleo-gum resin production ranged from 1.0 g to 8.3 g plant^{-1} at Central Research Farm, CAZRI, treated in the month of October 2011. Oleo-gum resin production from plants treated in the month of June, 2012 at Kailana field station ranged from 3.6 g to 28 g plant^{-1}.

Gum production from *Acacia nilotica* and *Prosopis juliflora*: Even aged plantations of both the species treated with gum inducer started exuding gum in 8-10 days after treatment which continued up to 30 days. Total gum yield was116 g per tree from *Prosopis juliflora* and 50 g per tree from *Acacia nilotica* trees.

Effect of management practices on gum and seed production in *Acacia senegal*: As compared to control (conventional practice of making blazes on tree trunks), various management practices *viz*., irrigation, manuring and irrigation + manuring, coupled with gum inducer application could enhance gum exudation in *A. senegal*. Depending on management practices ethephone dose may be reduced to half. Manuring + irrigation resulted in higher gum (71 g tree^{-1}) and seeds (192 g tree^{-1}) with 97.5 mg ethephon ml^{-1} of solution (Table 6.1). This indicates that, tree management

सारणी 6.1 विभिन्न प्रबंधन क्रियाओं एवं इथेफोन उपचार के अन्तर्गत कुमट में बीज एवं गोंद उत्पादन
Table 6.1 Production in *A. senegal* with different management practices and ethephon concentrations

Management practices	Ethephon concentration					
	Control (0 mg ml^{-1})		97.5 mg ml^{-1}		195 mg ml^{-1}	
	Gum (g tree^{-1})	Seed yield (g tree^{-1})	Gum (g tree^{-1})	Seed yield (g tree^{-1})	Gum (g tree^{-1})	Seed yield (g tree^{-1})
Control	2.3	153.3	10.4	123.3	37.4	151.7
Irrigation (I)	1.0	135.0	25.9	136.7	52.0	158.3
Manuring (M)	0.8	133.3	32.7	276.7	40.5	145.0
I + M	7.0	186.7	71.4	191.7	27.3	143.3

***एकेसिया जैकमोन्टाई* से गोंद उत्पादन**: आमतौर पर गोंद उत्पादन के मामले में *एकेसिया जैकमोन्टाई* की पहचान नहीं है, परन्तु इथेफोन (1 मिली/तना) के टीकाकरण से इस वृक्ष से भी औसतन 30–40 ग्रा. प्रति वृक्ष गोंद उत्पादन प्राप्त किया गया (चित्र 6.1)।

practices coupled with gum inducer application could enhance gum exudation in *A. senegal.*

Gum production from *Acacia jacquemontii*: The plant is shrubby and multi-stemmed (Fig. 6.1), lesser known for gum production. Ethephon injection (1 ml stem^{-1}) in each branch produced 30-40 g gum tree^{-1}.

चित्र 6.1 *एकेसिया जैकमोन्टाई* पेड़ और उससे प्राप्त गोंद
Fig. 6.1 *Acacia jacquemontii* tree and its gum

***प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* की फलियों का सघनीकरण**: *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* की फलियों की हैमर चक्की में पिसाई के पश्चात् ब्लाक निर्माण मशीन द्वारा (160 कि.ग्रा./वर्ग से.मी.) दबाव डालकर सघनीकरण करके बट्टियाँ बनायी गयी (चित्र 6.2)। इससे इनका आयतन 80 प्रतिशत तक कम किया जा सका जो इनके भण्डारण एवं परिवहन में सहायक रहा तथा भण्डारण में उपयोग की अवधि भी सामान्य तरीके से भण्डारित फलियों की अपेक्षा अधिक रही।

Densification of *P. juliflora* pods: Pods were grounded in the hammer mill and then compressed in hydraulic press block-making machine with 160 kg cm^{-2} pressure for densification (Fig. 6.2). More than 80 per cent volume was reduced, which helped in storage and transportation and enhanced the shelf life of the pods.



चित्र 6.2 सघनीकरण प्रक्रिया (ए) और सघनीकृत फली बट्टिका (बी)
Fig.6.2 Densification process (A) and densified pod block (B)

***प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* सिरप, बारीक आटा तथा रेशा प्रसंस्करण की तकनीकी**: पकी हुई एवं स्वस्थ फलियों का चयन कर, धोकर, छोटे–छोटे टुकड़ों में तोड़ा गया। 350 ग्राम फलियों को एक लीटर पानी में दो घण्टे तक उबाल कर मोटे कणों को अलग करने के लिए छाना गया। इस द्रव को आवश्यक गाढ़ापन प्राप्त होने तक उबाला गया और 350 ग्राम फलियों से एक सौ मि. ली. द्रव प्राप्त किया गया। यह गाढ़ा द्रव पीले–भूरे रंग का था (चित्र 6.3) जो एक पेय के रूप में प्रयोग किया जा सकता है अथवा दूध व फलों के रस में मिलाकर पिया जा सकता है। सिरप बनाने के बाद बचे अवशेष का उपयोग बारीक आटा (62 ग्रा.) तथा रेशा (26 ग्रा.) बनाने में किया गया (चित्र 6.3)। इस प्रकार प्राप्त बारीक आटा मिष्ठान बनाने हेतु प्रयोग कर सकते हैं।

Process technology for *Prosopis juliflora* syrup, fine flour and fibre processing: Ripe and healthy pods were selected, washed and broken into small pieces. 350 g of pods were boiled in 1 litre of water for two hours to obtain necessary consistency, followed by sieving to separate the coarse particles from syrup. About 100 ml liquid was obtained from 350 g pods in this process. This thick liquid was yellowish brown in colour (Fig. 6.3) and can be used as a beverage or can be mixed with milk and fruit juices. The residue left after preparing the syrup was used for producing fine flour (62 g) and fibre (26 g). The fine flour obtained by this process was suitable for confectionary use (Fig. 6.3).

चित्र 6.3 जूली–सिरप (ए) और फली रेशा (बी)
Fig.6.3 *P. juliflora* pod syrup (A) and pod fibre (B)

समन्वित नाशीजीव प्रबंधन
INTEGRATED PEST MANAGEMENT

ग्वार में जड़ गलन की घटनाओं पर नये जैव नियन्त्रण कारक की प्रभावकारिता: दो जैव नियन्त्रक (*ट्राइकोडर्मा हार्जेनियम* और *बैसीलस फर्मस*) की प्रभावकारिता को गमले और खेत अन्वेक्षण में परिलक्षित किया गया। सहजीवी जीवाणु पौधों की जड़ो में सफलतापूर्वक स्थापित हुए जिससे शुष्क जड़ गलन की घटनाओं में कमी आई। इस उपचार से पौधे के भार में भी लक्षित वृद्धि देखी गई (सारणी 7.1)।

जैव नियन्त्रक घटकों और नीम उत्पाद का मृदा कीट एवं रोग प्रबंधन पर प्रभाव: जैव नियन्त्रक घटकों यथा *टी. हार्जेनियम, मेटाहजिएम एनासोपेली* और *पेसीलेमायसेस लिलसिनस* की जीवितता का परीक्षण करने हेतु डोडीन (सिस्टेमिक फफूंद नाशक) और नीम पाउडर का प्रयोग किया गया। डोडीन को जब मारटीन रोज अगर से 420 मि.ग्रा./ली. की दर से मिलाया गया तो *टी. हार्जेनियम* के संवर्धन पर विपरीत प्रभाव पड़ा जबकि *एम. एनीसोपेली* में यह प्रभावहीन रहा। विपरीततः तीनों जैव घटक समूह नीम पाउडर पैलेट (500, 1000 और 2000 पीपीएम संकेन्द्रण) में संवर्धित हुए तथा *टी. हार्जेनियम* में वृद्धि सबसे अधिक हुई।

जैविक खेती के नाशी एवं उपयोगी कीट: एफिड और ग्रे विविल जैवक खेती में प्रमुख कीट थे। ग्वार में खाद उपचारित प्लाट में कम एफिड (17–19/पौधा) पाए गए। अनुपचारित प्लाट में 19–27 एफिड प्रति पौधा थे। तिल की फसल में हरित इल्ली का प्रभाव खाद आधारित प्लाट में (4.81/पौधा) अनुपचारित प्लाट से अधिक था। हरित इल्ली का बाजरा में सर्वाधिक प्रभाव सितम्बर माह में देखा गया। लार्वा को नुकसान पहुँचाने वाले कीट की

Efficacy of bio control agents on root rot incidence in clusterbean: Effectiveness of a consortium product having two bio control agents (*Trichoderma harzianum* and *Bacillus firmus*) was evaluated in pot and field trials. The consortium organisms successfully established on the roots of plants and reduced the incidence of dry root rot. The plant biomass significantly increased with this treatment (Table 7.1).

Synergetic effect of bio-control agents and *neem* products on soil pests and diseases: Dodine, a systemic fungicide and *neem* powder pellets were used to test the survival of three bio-control agents *viz*., *T. harzianum*, *Metarhizium anisopliae* and *Paecilomyces lilacinus*. Dodine (mixed in Martin Rose Bengal agar media at 420 mg L^{-1}) suppressed colonies of *T. harzianum* but M. *anisopliae* was unaffected. . In contrast, colony diameter of all three bio-agents increased in *neem* powder pellet treatments @ 500, 1000 and 2000 ppm concentration. Maximum colony size was of *T. harzianum.*

Pests and beneficial insects in organic farming: Aphid and grey weevils were the major pest in the organic farming system. Less number of aphids (17-19 $plant^{-1}$) on clusterbean was recorded in manure treated plots in comparison to control (19-27 $plant^{-1}$). While green caterpillars were more on manure treated plots (4.81 $plant^{-1}$) than control in sesame crop. Heavy infestation of green caterpillars was observed on pearl millet in the month of September. The population of larvae damaging insects increased from 2.33 $plant^{-1}$ in 2^{nd} week to 10.67 $plant^{-1}$ in third week and gradually

सारणी 7.1 ग्वार में जड़ गलन पर जैव–घटक की प्रभावकारिता
Table 7.1 Efficacy of bio-agents on root rot of clusterbean

Condition	Parameter	Consortium product	*T. harzianum*	*Bacillus firmus*
Pot culture	Colonization of roots (cm^{-1} bit)	6×10^2	1.4×10^2	-
	Incidence of dry root rot (%)	4.7	9.2	7.3
Field	Plant weight (g)	2.9	2.4	2.6
	Colonization of roots (cm^{-1} bit)	7.4×10^2	4×10^2	0.8×10^2
	Incidence of dry root rot (%)	5.3	7.0	6.4

संख्या में वृद्धि 2.33 प्रति पौधा दुसरे सप्ताह से, 10.67 प्रति पौधा तीसरे सप्ताह में देखी गई जो 0.43 प्रति पौधा सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में रह गई। इनके प्राकृतिक शत्रु विशेषकर क्राइसोपरला, लेडी बर्ड बीटल्स और चिलोमेन्स कीटों के कारण हानिकारक कीटों की संख्या नियन्त्रित रही।

सर्वाधिक पुष्पन काल यानि कि अक्टूबर माह में बम्बलमक्खी, पीली ततैया और सल्फर तितली की सर्वाधिक संख्या रिकॉर्ड की गई। चक्षु निरीक्षण में (प्रति पौधा पांच मि.) 1–4 बम्बलमक्खी/पौधा, 1–3 ततैया/पौधा और 0–3 तितलियाँ/पौधा देखी गई। प्रथम सप्ताह में इनका औसत 2.33, 2.0 और 2.0 पाया गया जो तीसरे सप्ताह में घट कर 1.33, 1.75 और 1.5 प्रति पौधा रह गया।

बेर में परागण कीटों की विविधता और पर्याप्तता: बेर की पूर्ण पुष्पन अवस्था में कीटों की 30 प्रजातियाँ रिकॉर्ड की गई। मक्खियों और मधुमक्खियों की गतिविधियाँ सर्वाधिक पाई गई। परागणकर्मियों की सर्वाधिक गतिविधियाँ सुबह 8.00 बजे से दिन के 2.00 बजे तक रिकॉर्ड की गई। *क्रयोसोमिया* प्रजाति की मक्खियों का फूल पर औसत ठहराव 4.79 सैकेण्ड/फूल, तत्पश्चात् *एरीस्टलेनस* प्रजाति की मक्खियोँ का 4.54 सैकेण्ड/फूल और पीली ततैया का 4.39 सैकेण्ड/फूल देखा गया। कीट विविधता और प्रचुरता वर्ष 2011 की तुलना में इस वर्ष कम रही। पीली ततैया काफी कम संख्या में थी जबकि मधुमक्खी अधिक पाई गई। यह संभवतः संबंधित आद्रता के कारण रहा यद्यपि हवा के तापमान में इस समयावधि में कोई विशेष अन्तर नहीं रहा। दोनों ही वर्षो में मक्खियाँ प्रमुख परागणकर्त्ता रही।

इन्दिरा गाँधी नहर सिंचित क्षेत्र में सिंचाई का कृन्तक विविधता पर प्रभाव: सात चूहों की प्रजातियाँ इन्दिरा गाँधी नहर प्रक्षेत्र गंगानगर, लूणकरणसर और जैसलमेर से पकड़ी गई। पहचानी गई प्रजातियाँ *टटेरा इंडीका, मेरीयोनिस हरियानी* थी। रेगिस्तानी प्रजातियाँ *जरबीलस ग्लीडोई* और *जी. नानस,* जिन्हें पूर्व में जैसलमेर जिले के नहरी क्षेत्र से पकड़ा गया था, वे गंगानगर और बीकानेर जिलों के नहरी क्षेत्रों में नहीं पाई गई जो यह प्रकट करता है कि सिंचित क्षेत्र के कारण उनका स्थान परिवर्तन हुआ है। *मिलार्डिया मेल्टेडा* कृन्तक को फलोदी और लूणकरणसर क्षेत्र में कपास, मूँगफली और मूँग की फसलों से पकड़ा गया। कृन्तक प्रजातियाँ (*मस बूडुगा, बेन्डीकोटा*

declined to 0.43 plant^{-1} in the last week of September due to abundant population of natural enemies especially larvae of *Chrysoperla* and lady bird beetles, *Chilomenes* sp. and Brown jassids (10-26 per whorl) were other major pests.

During peak flowering in October the incidence of bumblebees, yellow wasps and sulpher butterflies were recorded. Visual count for 5 minutes showed the presence of 1-4 bumble bees, 1-3 wasps and 0-3 butterflies per plant. The average being 2.33, 2 and 2 for the three insects (bumblebees, yellow wasps and sulpher butterflies), respectively in first week which declined to 1.33, 1.75 and 1.5 per plant in the third week.

Pollinator diversity and abundance in *Ziziphus*: Thirty species were recorded during peak flowering. Flies were the most abundant group followed by bees. Pollinators exhibited temporal fluctuations in their visits. Maximum activity of pollinators was recorded during 8.00-14.00 hrs. Flies and yellow wasps were active throughout the day but honey bees were more active during 10.00 to 15.00 hrs. Average stay time of *Chrysomia* sp. was 4.79 sec/flower followed by *Eristalinus* sp. (4.54 sec/flower) and *Polistes hebraeus* (4.39 sec/flower). Insect diversity and abundance was low this year in comparison to the year 2011. Yellow wasps were significantly less in number while honey bees were more. This may be attributed to the significant variation in relative humidity though there was not much difference in air temperature during the observation period. However, flies were the major pollinators in both the years.

Impact of canal irrigation on changes in rodent faunal diversity in IGNP command areas: Seven rodent species were trapped from IGNP areas of Sri Ganganagar, Lunkaransar and Jaisalmer districts. The species identified were *Tatera indica* and *Meriones hurrianae*. However, the truly xeric species, *Gerbillus gleadowi* and *G. nanus*, trapped from IGNP areas of Jaisalmer district in previous year were not observed from the IGNP areas of Sriganganagar and Bikaner districts indicating their replacement due to irrigated cropping. *Millardia meltada,* a submesic rodent was trapped from cotton, groundnut and green gram fields in Falodi and Lunkaransar areas. Truly mesic rodent species (*Mus booduga, Bandicota bengalensis* and

बैंगालेन्सिस और *निसाकिया इंडीका*) को चावल (सूरतगढ़), कपास (गंगानगर) और मूँगफली (लूणकरणसर) के खेतों में पाया गया।

खरीफ की सभी फसलों में कृन्तक दुष्प्रभाव देखा गया (सारणी 7.2) । सामान्यतः यह नुकसान बाह्य फसल क्षेत्रों में देखा गया। मूँगफली में कृन्तकों का सर्वाधिक आक्रमण देखा गया। यह नुकसान लूणकरणसर के बाहरी क्षेत्रों में सर्वाधिक (34.7%) पाया गया। कपास में श्री गंगानगर जिले में 6.7 प्रतिशत पौधों में नुकसान देखा गया। मूंग में 4.2 प्रतिशत लूणकरणसर और 9.3 प्रतिशत श्री गंगानगर में पाया गया। इसी प्रकार ग्वार में लूणकरणसर की अपेक्षा (6.6%), श्री गंगानगर में कम नुकसान (1.9%) पाया गया। चावल में सूरतगढ़ में 1–6 बिल/वर्ग मी. के साथ सबसे कम आक्रमण रहा।

Nesokia indica) were trapped from rice (Suratgarh), cotton (Sri Ganganagar) and groundnut (Lunkaransar) fields.

Rodent infestation was observed in all the major *kharif* crops (Table 7.2). In general the damage was more in the periphery of crop fields. Groundnut proved highly vulnerable to rodent attack. The crop recorded maximum damage in the peripheral areas (34.7%) in Lunkaransar. Cotton suffered up to 6.7 per cent plant damage in Sri Ganganagar district. Mung registered 4.2 per cent at Lunkaransar and 9.3 per cent at Sri Ganganagar. Similarly guar experienced lower damage in Sri Ganganagar (1.9%) than that in Lunkaransar (6.6%). Rice although infested with 1-6 burrows m^{-2} in Suratgarh area experienced least mean tiller damage (0.9%); however one of the fields showed 14.3 per cent tiller damage.

सारणी 7.2 अध्यनित क्षेत्रों में कृन्तक प्रजातियाँ और फसल नुकसान
Table 7.2 Rodent species composition and crop damage in study areas

Crops	Survey villages (District)	Mean damage (Max damage)	LBC m^{-2}	Rodent species
Cotton	Netewala (Sri Ganganagar)	3.66 (6.7)	1-5	B.b.; T.i,; N.i.; M.b.
	Bhand ka Dhora (Jodhpur)	2.50 (5.0)	1-4	M.h.; T.i.; M.m.
Groundnut	Haryasar/Lunkaransar (Bikaner)	16.96 (34.7)	2-6	T.i., M.h., N.i., M.b
	Bhand ka Dhora (Jodhpur)	12.55 (13.0)	1-4	M.h., T.i., M.m.
Green gram	Haryasar/Lunkaransar (Bikaner)	4.20 (4.84)	1-4	T.i., M.h., M.m.
	Netewala (Sri Ganganagar)	9.33 (12.0)	1-5	T.i., M.h., B.b., N.i.
Clusterbean	Lunkaransar (Bikaner)	6.60 (12.12)	1-3	T.i., M.h., N.i.
	Netewala (Sri Ganganagar)	1.91 (5.5)	1-2	T.i., M.h., N.i.
Rice	Suratgarh	0.90 (14.3)	1-6	B.b., T.i

LBC = Live burrow count, B.b = *Bandicota bengalensis*, T.i = *Tatera indica*, M.h. = *Meriones hurrianae*, M.m. = *Millardia meltada*, M.b. = *Mus booduga*, N.i. = *Nesokia indica*

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत, कृषि यान्त्रिकी और ऊर्जा
NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES, FARM MACHINERY AND POWER

प्रकाशवोल्टीय आच्छादित गृह का विकास: एक 15.3 वर्ग मी. क्षेत्रफल का प्रकाश वोल्टीय (पीवी) आधारित आच्छादित गृह बनाया गया। इसके पूर्व दिशा में दरवाजा तथा एमोरफस सिलिकन सोलर सैल के आपस में जुड़े दो पीवी पेनल समूह (प्रत्येक 60 पीक वाट) छत पर लगाये गये। दस 7.6 से.मी. व्यास के पीवीसी पाइप जमीन के पास सामने व पीछे लगाये गये तथा ऊपर जालीयुक्त खुला स्थान दोंनों तरफ हवा के प्राकृतिक रूप से आवाजाही के लिए रखा गया। चूँकि 90 से.मी. गहराई पर जमीन का तापमान ज्यादा नहीं बदलता है इसलिये 120 से.मी. गहराई में लगे पाइप से गुजरती हवा से प्रकाशवोल्टीय आधारित गृह के तापमान को सुचारू रूप से संतुलित रखने का तरीका काम में लिया गया।

5.4 मी. लम्बे तथा 20 से.मी. व्यास के दो सीमेंट के तथा दो स्टील के पाइप सतह से 120 से.मी. नीचे प्रकाशवोल्टीय गृह के पश्चिमी छोर पर खाई खोदकर डाले गये। इन पाइपों के दोनों सिरों पर पत्थरों के ढांचे बनाकर हवा का बहाव मापा गया। वातावरण का तापमान 40 डिग्री से. से ऊपर होने पर पंखे द्वारा निकलने वाली हवा के तापमान में निकास द्वार पर 3–5 डिग्री से. की कमी पायी गई। वातावरण का तापमान 20 डिग्री से. से नीचे होने पर इस तापमान में 4–5 डिग्री से. की वृद्धि हुई। इससे यह संकेत मिलता है कि इस व्यवस्था से बह रही हवा तथा जमीन में गड़े हुए पाइपों के बीच में ऊष्मा का आदान–प्रदान सुचारू रूप से हो रहा है।

पीवी आधारित जालीदार कक्ष के तापमान में बाहर के तापमान से 4–5° से. की वृद्धि प्राकृतिक तथा 1–5° से. की वृद्धि कृत्रिम दबाव के वायु प्रवाह अवस्थाओं में पायी गई। परन्तु पीवी चलित मिस्टर (50 वाट) तथा पंखे की मदद से तापमान 2.5–4.5 डिग्री से. तक कम किया जा सका। प्राकृतिक संवहन तथा मिस्टर से ठंडक किये जाने की परिस्थितियों के लिये गणितीय मोडल विकसित किये गए। प्रकाश वोल्टीय कक्ष में परीक्षण के तौर पर बोए गये टमाटरों की औसत उपज बाहर बोए पौधों से 50 प्रतिशत ज्यादा प्राप्त की गई।

धातु से बने सौर अलवणीकरण उपकरण: चार सौर अलवणीकरण उपकरण (क्षेत्रफल–1.13 वर्ग मी.) बनाये गये। इनके ऊपर 3.5 मी.मी. पारदर्शी कॉच लगाया गया और 20° झुकाव पर दो डिसटिलेट चेनल आसुत जल प्राप्त करने हेतु

PV clad structure for multipurpose application: A PV clad structure of 15.3 m^2 ground area was erected. A door on the east side and two interconnected PV arrays of amorphous silicon solar cells (60 W_p each) were provided on top. Ten PVC pipes (7.6 cm dia) were provided at front and rear side and natural air circulation was facilitated through wire mesh openings at the top. Since soil temperature at lower depths do not vary much, possibility of better regulation of air temperature passing through pipes laid at 120 cm soil depth from surface was explored for PV-structure.

Four pipes, two each of RCC and GS, (5.4 m x 20 cm) were interconnected and embedded at soil depth of 120 cm. Air flow was monitored through two stone structures (at inlet and outlet). A reduction of 3-5°C air temperature at the outlet was observed when ambient temperature was >40°C, whereas a rise of 4-5°C was recorded when temperature was <20°C, indicating that the system was facilitating heat transfer between the flowing air and the embedded pipes.

A temperature rise of about 4-5°C and 1-2°C above ambient temperature (AT) was observed under natural and forced ventilation, respectively. The temperature could be reduced by 2.5-4.5°C below AT with mister. A steady state mathematical model was developed for natural/forced ventilation and mister based cooling. Tomato crop grown under the enclosure yielded 50 per cent more than that in open field condition.

